● वर्ष : 17 ● अंक : 115 ● मूल्य : 02 रुपया मात्रा ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित गुरुवार 12 फरवरी 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# अब अमेरिका तय करेगा हम किससे तेल खरीदेंगेः राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली

## आपने हमारी भारत मां को बेच दिया, आपको कोई शर्म नहीं: राहुल गांधी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा है कि देश को बेचकर इन्हें शर्म नहीं आती है। उन्होंने कहा कि भारत के फैसले अमेरिका कैसे ले रहा है। राहुल ने कहा कि अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। अमेरिका हमारे पास आएगा और कहेगा, आप फलां-फलां से तेल खरीदिए। क्या हमारे फैसले अब अमेरिका लेगा। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। लोकसभा में बेहद गरमागरम बहस के बीच राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने अमेरिका को ये सब कैसे करने दिया। राहुल गांधी ने कहा कि आप खुद कहते हैं कि एनर्जी और फाइनेंस वेपनाइज़ेशन है और आपने अमेरिकियों को हमारे फाइनेंस और हमारी एनर्जी को हमारे खिलाफ हथियार बनाने की इजाजत दी है। इसका क्या मतलब है जब अमेरिका कहता है कि आप इसे नहीं खरीद सकते। किसी खास देश से तेल नहीं खरीद सकते तो इसका मतलब है कि हमारी एनर्जी वेपनाइज़्ड है। राहुल ने कहा कि जब वे कहते हैं, आपके टैरिफ कम हो जाएंगे। हमारे टैरिफ कम हो जाएंगे और आपके बढ़ जाएंगे। इसका मतलब है कि फाइनेंस, ट्रेड वेपनाइज़्ड है। तो आप हमें बता रहे हैं कि दुनिया एक ऐसी जगह है जहां जियोपॉलिटिकल कॉन्फ्लिक्ट बढ़ रहा है। आप हमसे कह रहे हैं कि एनर्जी और फाइनेंस को हथियार बनाया जाएगा और फिर आप अपने साथ ऐसा करवा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि आपने इंडिया को बेच दिया है। क्या आपको इंडिया बेचने में शर्म नहीं आती? आपने हमारी भारत मां को बेच दिया है। आपको कोई शर्म नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर इंडिया अलायंस ट्रंप से डील करता तो हम भारत के हितों का पक्का ख्याल रखते। राहुल ने कहा कि अगर हम ट्रंप से बात करते तो हम कहते कि राष्ट्रपति ट्रंप अगर आप अपना डॉलर बनाना चाहते हैं तो ये अच्छी बात है, हम आपके दोस्त हैं, हम आपको आपके डॉलर बचाने में मदद करना चाहते हैं, लेकिन याद रखिए, अगर आप अपना डॉलर बचाना चाहते हैं तो सबसे बड़ी दौलत जो डॉलर को बचा सकती है वो है भारतीय लोगों के साथ रहना। दूसरी बात हम ट्रंप को यह कहते कि देखिए मिस्टर प्रेसिडेंट यदि आप भारतीयों के डाटा तक पहुंच चाहते हैं तो पहली बात यह है कि आपको हमारे साथ बराबरी के स्तर पर बात करनी पड़ेगी।

### राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देगी भाजपाः रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कथित एपस्टीन फाइल्स को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। रिजिजू ने कहा कि बजट पर चर्चा में राहुल बिना किसी तर्क, सबूत या पूर्व सूचना के आरोप लगा रहे हैं। इसलिए भाजपा संसदीय दल आज लोकसभा अध्यक्ष को राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देगा। रिजिजू ने बुधवार को संसद परिसर में पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल के पूरे भाषण में जो भी गलत बातें कही गई हैं, उन्हें रिकॉर्ड से हटाया जाना चाहिए। साथ ही जिन शब्दों का प्रयोग असंसदीय है और जो झूठे आरोप लगाए गए हैं, उन्हें भी कार्यवाही से निकाल दिया जाना चाहिए।

### ईसीआई ने चुनावी राज्यों में चलाया ईवीएम-वीवीपैट जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता अभियान चला रहा है। इन सभी राज्यों में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। चुनाव आयोग के अनुसार, यह जागरुकता अभियान सबसे पहले 23 जनवरी को पश्चिम बंगाल में शुरु हुआ। इसके बाद 25 जनवरी, 27 जनवरी, 3 फरवरी और 5 फरवरी को क्रमशः तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और असम में शुरू हुआ। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) मुख्यालय और रिटर्निंग ऑफिसर या राजस्व उप-डिवीजन मुख्यालयों पर ईवीएम डेमो सेंटर बनाए गए हैं। साथ ही मोबाइल डेमो वैन भी चलाई जा रही हैं, जो अलग-अलग मतदान केंद्रों तक जाकर लोगों के समक्ष मशीनों का प्रदर्शन कर रही हैं। आयोग ने बताया कि 10 फरवरी तक पांच राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 1.20 लाख से ज्यादा मतदाता इन डेमो कैंपों में शामिल हो चुके हैं और 1.16 लाख से अधिक लोगों ने मॉक वोट डालकर मशीनों का अनुभव लिया।

**ज्वलंत मुद्दा** **संपादकीय**

## बांग्लादेश चुनाव बाद तय होगी दोस्ती या दुश्मनी



बांग्लादेश में अचानक जेन-ज़ी आंदोलन और हिंसा के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना अगस्त 2024 में सत्ता से हटते हुए भारत में शरण लेती हैं। इसके बाद प्रमुख सलाहकार यूनुस की अंतरिम सरकार सत्ता की बागडोर संभालती है और फिर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तोड़ने-मरोड़ने का खेल शुरु हो जाता है। सबसे भरोसेमंद और हितैषी पड़ोसी मित्र देश को दूर करने और दुश्मनों को गले लगाने का काम भी होता है। इस दौरान न हिंसा रुकती है और न ही हालात बदलते हैं। इसी के साथ चुनाव की तारीख भी सामने आ जाती है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर भर नहीं हैं, बल्कि वे देश की वैचारिक दिशा, लोकतांत्रिक विश्वसनीयता और पड़ोसी देशों खासकर भारत से रिश्तों की जमीन तय करने वाले निर्णायक मोड़ साबित होंगे।


कुल 300 सीटों में से 299 सीटों पर मतदान और 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह के साथ यह चुनाव कई स्तरों पर महत्वपूर्ण होने वाले है। बावजूद इसके जिस राजनीतिक माहौल में चुनाव कराए जा रहे हैं, उससे इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता पर पहले से ही गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति न दिए जाने को लेकर है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली यह पार्टी बांग्लादेश की राजनीति की केंद्रीय धुरी रही है। ऐसे में उसका चुनावी मैदान से बाहर होना लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की आत्मा को कमजोर करता है। अवामी लीग के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद ने चुनाव को सुनियोजित बताते हुए निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि चुनावी प्रक्रिया को इस तरह से गढ़ा गया है कि एक विशेष विचारधारा को सत्ता में बनाए रखा जा सके। उन्होंने ऐसे चुनाव का बहिष्कार करने की अपील अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक से कर डाली।

यहां कहना गलत भी नहीं होगा कि यदि विपक्ष का एक बड़ा दल ही चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो, तो लोकतंत्र की विश्वसनीयता स्वतः संदिग्ध हो जाती है। बहरहाल चुनाव हो रहे हैं ऐसे में जीत-हार के दावे भी सामने आ गए हैं। चुनावी मुकाबला मुख्यतः तारिक रहमान के नेतृत्व वाले बीएनपी गठबंधन और जमात-ए-इस्लामी व नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के 11 दलों के गठबंधन के बीच माना जा रहा है। अनुमानित वोट प्रतिशत बताता है, कि मुकाबला कांटे का है। 13 वर्षों के प्रतिबंध के बाद जमात-ए-इस्लामी का चुनावी मैदान में लौटना भी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। 2008 के बाद पहली बार वह चुनाव लड़ रही है। खुद को मुख्यधारा की राजनीति में स्थापित करने के प्रयास में जमात ने इस बार एक हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है, हालांकि किसी महिला को उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को लेकर जमात सुर्खियां भी बटोर रही है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की पुस्तक को लेकर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस






**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के प्रकाशन से पहले कथित रूप से लीक होने के मामले में पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस दे दिया है। नोटिस के माध्यम से दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने कई सवालों के जवाब मांगे हैं और प्रकाशन गृह के प्रतिनिधियों को जांच में सहयोग देने का आदेश दिया है। इसके पहले, विशेष प्रकोष्ठ ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की पुस्तक के छपने से पहले कथित रूप से लीक होने के संबंध में मामला दर्ज हुआ था। 2020 में गलवान घाटी संघर्ष की घटनाओं का वर्णन करती पूर्व सेना प्रमुख की पुस्तक के कथित रूप से लीक होने पर मचे बवाल के बीच पेंगुइन को नोटिस दिया गया है। इस मामले पर स्पष्टीकरण देकर पेंगुइन इंडिया ने कहा कि किसी पुस्तक की घोषणा या उसके प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध होने को प्रकाशन नहीं मनाना चाहिए। यह स्पष्टीकरण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा नरवणे के 2023 के सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला देने के बाद आया, इसमें उन्होंने कहा था कि उनकी आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी अभी उपलब्ध है।


### अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा लागू, रेलवे बोर्ड का आदेश जारी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा लागू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों और क्रिस (सीआरआईएस) के प्रबंध निदेशक को निर्देश जारी किए हैं। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पूर्व में 15 जनवरी के निर्देशों के तहत इन ट्रेनों में केवल महिला कोटा, दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) कोटा, वरिष्ठ नागरिक कोटा और ड्यूटी पास कोटा ही लागू था तथा अन्य किसी प्रकार का आरक्षण कोटा, जिसमें आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) भी शामिल है, लागू नहीं था। मामले की समीक्षा के बाद अब इन ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार, जिन अमृत भारत ट्रेनों में 7 या उससे अधिक स्लीपर (एसएल) कोच हैं, उनमें अधिकतम 24 बर्थ का इमरजेंसी कोटा निर्धारित किया जा सकता है। वहीं, वंदे भारत स्लीपर (वीबीएस) ट्रेनों में अलग-अलग श्रेणियों के लिए इमरजेंसी कोटा तय किया गया है। इसके तहत सप्ताह के दिनों में प्रथम श्रेणी एसी (1ए) में 4, सप्ताहांत में 6; द्वितीय एसी (2ए) में सप्ताह के दिनों में 20, सप्ताहांत में 30 तथा तृतीय एसी (3ए) में सप्ताह के दिनों में 24 और सप्ताहांत में 42 बर्थ इमरजेंसी कोटे के तहत निर्धारित की जा सकती हैं।

## अमेरिका ने लिया यू-टर्न, ट्रेड डील की प्रमुख शर्तों में गुपचुप किए बदलाव

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर सहमति बनने के बाद अमेरिका ने मंगलवार को एक फैक्ट शीट जारी कर समझौते की प्रमुख शर्तें बताईं थीं। अब एक दिन बाद ही वाइट हाउस ने यू-टर्न लिया है। वाइट हाउस ने समझौते की प्रमुख शर्तों में गुपचुप तरीक से बदलाव किया है। खास बात यह है कि नई शर्तों में लिखीं बातें भारत के हक में है। शब्दों में भी हेरफेर की गई है। एग्रीमेंट का सबसे अहम हिस्सा कि भारत अमेरिका से 500 बिलियन से ज्यादा के उत्पाद खरीदने के लिए 'प्रतिबद्ध' है, को बदलकर भारत इस मूल्य के अमेरिकी उत्पाद खरीदने का 'इरादा रखता है' कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की तरफ से जारी संशोधित दस्तावेज में कहा गया है कि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं व अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त या कम करेगा, जिनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे व प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट और अन्य उत्पाद शामिल हैं। इसमें आगे कहा गया है कि भारत अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने और 500 अरब डॉलर से अधिक की अमेरिकी ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कोयला और अन्य उत्पादों की खरीद का इरादा रखता है। पहले 'इरादा' शब्द की जगह 'प्रतिबद्ध है' लिखा गया था। इसके अलावा वाइट हाउस ने एक अहम बदलाव भी किया है।

## कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के टम्बलर रिज के स्कूल में गोलीबारी, 10 की मौत

एजेंसी। टम्बलर रिज (ब्रिटिश कोलंबिया) कनाडा




कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज शहर के सेकेंडरी स्कूल में गोलीबारी में संदिग्ध समेत आठ लोग मारे गए। इसके अलावा एक घर से दो व्यक्तियों के शव मिले हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों का संबंध इस गोलीबारी से है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। द कैनेडियन प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, आरसीएमपी ने कहा कि गोलीबारी में 25 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इनमें दो को जानलेवा चोट आई है। पुलिस को गोलीबारी की सूचना दोपहर करीब 1:20 बजे मिली। पुलिस के पहुंचने पर स्कूल के अंदर छह लोगों और संदिग्ध हमलावर का शव मिला। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को एयर लिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया। एक घायल की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान इस घटना से जुड़े पास के एक घर की पहचान हुई। घर के अंदर दो लोग मृत पाए गए। आरसीएमपी के अनुसार, संदिग्ध हमलावर ने खुद को गोली मारी। यह जांच की जा रही है कि क्या इस घटना में कोई दूसरा संदिग्ध भी शामिल था। उल्लेखनीय है टम्बलर रिज छोटा शहर है। इसकी आबादी लगभग 2,400 है। पुलिस ने लोगों से घरों के अंदर रहने और सुरक्षित रहने की अपील की है। आसपास के क्षेत्रों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

### कनाडा में गोलीबारी की घटना पर पीएम मोदी ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा में हुई गोलीबारी की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वे वह कनाडा में हुई इस भीषण गोलीबारी से स्तब्ध हैं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

### कांग्रेस से गठबंधन रहेगा, सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहींः स्टालिन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, क्योंकि राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं। स्टालिन ने कांग्रेस जैसे डीएमके के सहयोगियों के साथ किसी भी प्रकार के साझा शासन को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। हाल ही में कांग्रेस के अंदर कुछ नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की मांग उठाई थी। स्टालिन ने कहा कि सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने कहा कि शासन में हिस्सेदारी की मांग तमिलनाडु पर लागू नहीं होती। वे इसे हमसे बेहतर जानते हैं। यह नारा उन लोगों की सोची-समझी साजिश है जो हमें एकजुट नहीं देख सकते। तमिलनाडु के सीएम ने संकेत दिया कि राज्य में चुनाव होने पर कांग्रेस सहयोगी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन सौहार्दपूर्ण है। मीडिया जानबूझकर कुछ अनावश्यक धारणाएं बना रहा है। सीएम स्टालिन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अपने संबंधों को दोनों पार्टियों के बीच निरंतर गठबंधन का एक अहम तत्व बताया।

### 15 से 25 फरवरी तक वॉरशिप का मेला ईरान-रूस के वॉरशिप एक ही कतार में

एजेंसी। विशाखापत्तनम

विशाखापत्तनम में 15 से 25 फरवरी तक वॉरशिप का मेला लगने वाला है। सुप्रीम कमांडर द्रौपदी मुर्मु का प्रेसिडेंशियल यॉट जब फ्लीट रिव्यू के लिए निकलेगा, तो दुनिया भर के वॉरशिप और नेवल पर्सनल सेल्यूट करते नजर आएंगे। रूस और अमेरिका के बीच चाहे कितनी भी खींचतान हो, लेकिन भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में दोनों ही देश अपने वॉरशिप के साथ मौजूद रहेंगे। नौसेना के मुताबिक रूस की ओर से फ्रिगेट आरएफ़एस मार्शल शापोशनिकोव और अमेरिका की ओर से गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर पिंकनी हिस्सा ले रहे हैं। रूस और अमेरिका के वॉरशिप के साथ उसी कतार में ईरान का फ्रिगेट भी खड़ा दिखाई देगा। इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में ईरानी नौसेना अपना फ्रिगेट डेना शामिल कर रही है। साल 2026 के आईएफआर में दुनिया के कुल 137 देशों को न्योता दिया है। 70 से ज्यादा देशों ने अपनी हिस्सेदारी की सहमति दी है। इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भारत के तकरीबन 70 से ज्यादा वॉरशिप और सबमरीन शामिल होंगे, वहीं 20 से ज़्यादा विदेशी जंगी जहाज भी आ रहे हैं। पहली बार फिलीपींस और यूएई के वॉरशिप इस आईएफआर में हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही पहली बार जर्मनी के मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8 भी फ्लीट रिव्यू का हिस्सा बनेंगे।

## पोखरण में वायु सेना 27 फरवरी को 'वायु शक्ति' के जरिये दिखाएगी ऑपरेशन 'सिंदूर' की झलक

एजेंसी। नई दिल्ली



वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमला किया, जिसमें राफेल एक 'हीरो' था। पाकिस्तान के खिलाफ हवाई संघर्ष के बाद 27 फरवरी को जैसलमेर के पोखरण में होने वाले पहले 'वायु शक्ति' में ऑपरेशन 'सिंदूर' की झलक दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से यह सन्देश साफ था कि आतंकवाद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी धरती पर किए गए हर आतंकी कार्य का जवाब दिया जाएगा और इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़े विस्तार की पुष्टि करते हुए कहा कि वायु सेना अपने हवाई बेड़े में मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल करने के लिए तैयार है। यह राफेल या कोई और फाइटर जेट होगा, जिस पर विचार-विमर्श चल रहा है और अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है। जब उनसे पूछा गया कि पोखरण में वायु शक्ति का उद्देश्य क्या पाकिस्तान को कोई सन्देश देना है, तो उन्होंने कहा कि हमारा काम डेमोंस्ट्रेशन करना है। यह डेमोंस्ट्रेशन देखने वालों पर है कि वे इससे क्या मैसेज लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किये गए सटीक हमलों की झलक इस वायु शक्ति के दौरान देखने को मिलेगी। एयर मार्शल नागेश कपूर ने बुधवार को कहा कि पोखरण में शाम 5.10 बजे से 7.45 तक इस प्रदर्शन में वायु सेना अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करेगी। वायु शक्ति का प्रदर्शन दिन की रोशनी में, रेगिस्तान के धूल भरे वातावरण में और रात के अंधेरे में 2 घंटे 35 मिनट तक किया जाएगा, जिसमें वायु सेना के 77 फाइटर जेट, 43 हेलीकॉप्टर और 8 परिवहन विमान हिस्सा लेंगे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रखर राष्ट्रवादी, कुशल संगठनकर्ता, अंत्योदय और एकात्म मानववाद के महान प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत शीर्ष नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा बताया। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी विचारक और राष्ट्र-निर्माता थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद का उनका सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है और करुणा व नैतिक सार्वजनिक जीवन के साथ वंचितों की सेवा का उनका संदेश विकसित भारत की यात्रा को प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृभूमि के अनन्य उपासक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि मूल्यों पर आधारित उनके सिद्धांत और विचार देश की हर पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने उन्हें अंत्योदय और एकात्म मानववाद का प्रणेता बताते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र के विकास का परिचायक है यह विचार असंख्य पीढ़ियों को राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्गमंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें अपना प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनका तपस्यापूर्ण जीवन देशसेवा के लिए समर्पित रहा और राष्ट्र पुनर्निर्माण की उनकी विचारधारा सदियों तक प्रेरणा देती रहेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को निष्काम कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए कहा कि 'एकात्म मानवदर्शन' के माध्यम से दिया गया 'अंत्योदय' मंत्र आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक बताते हुए नमन किया।

### प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण करते हुए राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का दिया संदेश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वस्व समर्पण, राष्ट्र सर्वोपरिता और मानवता की भावना को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि सर्वस्व समर्पण उसी चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होते हैं। इसी भावना से अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने बुधवार को इस संबंध में एक्स पर वैदिक सुभाषित साझा किया, यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः। यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम। इस सुभाषित का अर्थ है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक ही सर्वोच्च चेतना से संचालित है। हिमालय, समुद्र और चारों दिशाएं उसी की महिमा और सामर्थ्य का प्रतीक हैं। मंत्र यह भाव व्यक्त करता है कि वही शक्ति राष्ट्र, प्रकृति और मानवता की आधार है। इसी चेतना के प्रति समर्पण और आहुति देकर सेवा, त्याग और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई है।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## ख़ास ख़बर

### राज्यसभा सांसद श्री मदन राठौड़ की बजट पर प्रतिक्रिया

» राजस्थान सरकार का बजट आत्मनिर्भर और विकसित राजस्थान सशक्त रोड मैप

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद श्री मदन राठौड़ ने राजस्थान बजट 2026-27 को विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का सशक्त रोडमैप बताया है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुश्री दिया कुमारी ने जनहितकारी बजट पेश किया, जिसमें युवाओं के लिए स्टेट टेस्टिंग एजेंसी से पारदर्शी भर्ती, 42,000 किमी सड़कों का निर्माण, 50,000 सोलर पंप, महिलाओं के लिए स्वरोजगार ऋण वृद्धि और ग्रामीण विकास पर फोकस है। श्री राठौड़ ने इसे सबका साथ-सबका विकास की मिसाल करार देते हुए वित्तीय अनुशासन की सराहना की, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### मेघालय में अवैध कोयला खदान हादसे पर एनएचआरसी ने राज्य सरकार से 15 दिनों में मांगा जवाब

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स के थांगस्काई क्षेत्र में 5 फरवरी को अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट के बाद 18 मजदूरों की मौत की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इसे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताते हुए मेघालय सरकार को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा है। एनएचआरसी ने बताया कि आयोग को मीडिया रिपोर्ट में इस हादसे की जानकारी मिली है। जिसमें गंभीर मानवाधिकार हनन प्रतीत होता है। इसलिए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा गया है। रिपोर्ट में बचाव अभियान की स्थिति, पीड़ित परिवारों को दी गई या प्रस्तावित क्षतिपूर्ति, पुलिस जांच की प्रगति और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर जानकारी देने को कहा गया है।

### दिल्ली पुलिस का एएसआई 10 लाख की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार दिल्ली पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) सुंदर पाल को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी सीआर पार्क थाने में तैनात था। सीबीआई के अनुसार एजेंसी ने 10 फरवरी को मामला दर्ज किया था। आरोप था कि एएसआई सुंदर पाल ने शिकायतकर्ता से संपत्ति विवाद निपटाने और उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न करने के लिए 25 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। सीबीआई ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

### मैजेंटा लाइन दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा कॉरिडोर बनने जा रहा : डीएमआरसी

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** मैजेंटा लाइन दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा (लगभग 89 किलोमीटर) कॉरिडोर बनने जा रहा है, जिसमें 21 इंटरचेंज स्टेशन और 40 भूमिगत स्टेशन होंगे। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के संचार कॉर्पोरेट के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल बुधवार को एक बयान में बताया कि हाल ही में स्वीकृत चरण-5(ए) कॉरिडोर, यानी लाइन 8 (मैजेंटा लाइन) के रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा होते हुए) तक विस्तार के मद्देनजर, चरण-4 के इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर को मैजेंटा लाइन के विस्तार के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा। मैजेंटा लाइन की कुल लंबाई (यानी बॉटनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक) लगभग 89 किलोमीटर होगी, जिससे यह दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का सबसे लंबा कॉरिडोर बन जाएगा। यह लाइन बॉटनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक चलेगी और पूरी तरह से चालू होने पर ड्राइवर रहित मेट्रो कॉरिडोर के रूप में काम करेगी। उन्होंने बताया कि मैजेंटा लाइन में 21 इंटरचेंज स्टेशन होंगे। वर्तमान में चालू खंड में चार इंटरचेंज स्टेशन हैं- कालकाजी मंदिर, बॉटनिकल गार्डन, जनकपुरी पश्चिम और हौज खास। चरण-4 और चरण-5(ए) के तहत अतिरिक्त 17 इंटरचेंज स्टेशन जोड़े जाएंगे। इसमें कालिंदी कुंज, चिराग दिल्ली, टर्मिनल-1 आईजीआई एयरपोर्ट, पीरागढ़ी, पीतमपुरा (मधुबन चौक), हैदरपुर बादली मोड़, मजलिस पार्क, आजादपुर, पुलबंगश, नबी करीम, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, शिवाजी स्टेडियम, केंद्रीय सचिवालय, इंद्रप्रस्थ, दिल्ली गेट, नई दिल्ली और इंद्रलोक शामिल है। इनमें से केंद्रीय सचिवालय, आजादपुर, नई दिल्ली और इंद्रलोक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन होंगे। दयाल ने बताया कि इसके पूरा होने पर मैजेंटा लाइन बोटैनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक जाने वाली लाइन में 65 स्टेशन होंगे, जिनमें से 40 भूमिगत स्टेशन होंगे। मैजेंटा लाइन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के दो महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग मील के पत्थर होने के लिए भी जानी जाती है। इसी कॉरिडोर पर स्थित हैदरपुर बादली मोड़ सबसे ऊंचा (पिलर नंबर 340 पर रेल स्तर की ऊंचाई लगभग 28.362 मीटर है) एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन है। मैजेंटा लाइन पर ही स्थित हौज खास सबसे गहरा (29 मीटर) भूमिगत मेट्रो स्टेशन है।

### ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने धोखे से मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर सिम पोर्ट कराकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में ग्रेटर नोएडा से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मुख्य आरोपित आयुष शर्मा औरविपुल कश्यप के रूप में हुई है। आरोपित इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बैंक खाता किराए पर देने का झांसा देकर साइबर ठगी करते थे। इन लोगों ने दिल्ली के एक व्यक्ति के बैंक खातों से करीब 38.10 लाख रुपये की ठगी कर ली। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच के बाद आरोपितों को दबोचा। पुलिस ने मामले में एक आरोपित विशाल कुमार को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार किया गया। बाकी आरोपितों की तलाश की जा रही है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बुधवार को बताया कि 12 जनवरी को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने 38.10 लाख रुपये साइबर ठगी की शिकायत क्राइम ब्रांच से की थी। आरोपितों ने पीड़ित के मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर उनका सिम कार्ड पोर्ट कराकर बैंक खातों को बैंक एप्लीकेशन से जोड़ दिया। बाद में 30 दिसंबर से 12 जनवरी के बीच ठगी की रकम को दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पहले उनके मोबाइल से एसएमएस और कॉल फॉरवर्डिंग को दूसरे किसी मोबाइल पर लिया गया। बाद में उनका मोबाइल नंबर ही पोर्ट करा दिया गया। इसके बाद आरोपितों ने ठगी को अंजाम दिया। जांच के दौरान ठगी के तार झारखंड के जामताड़ा से जुड़ते नजर आए। पुलिस ने उन खातों की जांच की, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई। इस दौरान पता चला कि करीब एक लाख रुपये ग्रेटर नोएडा निवासी विपुल कश्यप के खाते में गए हैं। जांच के बाद विपुल को दबोच लिया गया। इससे पूछताछ के बाद मुख्य आरोपित आयुष शर्मा को ग्रेटर नोएडा से दबोचा। आयुष ने बताया कि वह इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप पर विज्ञापन देकर बैंक खाता अच्छे कमीशन पर किराए पर देने की बात कर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

### हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के आदर्श नगर इलाके में मामूली कहासुनी के बाद युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अहमद रजा उर्फ सद्दाम (26) के रूप में हुई है। वारदात के बाद से आरोपित फरार था। नवंबर 2025 में अदालत ने उसे भगोड़ा करार कर दिया था। सूचना के बाद आरोपित को जयपुर से दबोचा गया है। आरोपित के खिलाफ लूटपाट, हत्या के प्रयास समेत कुल 6 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बुधवार को बताया कि 12 जनवरी 2025 को आरोपित ने शाहजहां नामक युवक पर आजादपुर फ्लाईओवर शराब के ठेके के पास चाकू से हमला कर दिया था।

# भारत-चीन के बीच व्यापार और हवाई सेवा समझौते पर चर्चा





लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों में सुधार करते हुए व्यापारिक चिंताओं के समाधान और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने पर महत्वपूर्ण चर्चा की है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी और चीन के उप विदेश मंत्री मा झाओक्सू ने यहां 10 फरवरी को संबंधों को स्थिर करने के अलावा हवाई सेवा समझौते को अपडेट करने पर चर्चा की। यही नहीं चीन की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का सम्मान करने की बात भी कही गई है, जोकि बदलते जियोपॉलिटिक्स के दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास एवं सुधरते रिश्तों को दर्शाता है। दरअसल झाओक्सू में आयोजित ब्रिक्स शेरपा मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस दौरान उन्होंने मिसरी के साथ इंडिया-चाइना स्ट्रेटेजिक डायलॉग में भी हिस्सा लिया। यह चर्चा मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और फिर से बनाने में हुई हालिया प्रगति तथा द्विपक्षीय जुड़ाव को आगे बढ़ाने के तरीकों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों में पूरी प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति और अमन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार से संबंधित मुद्दों और चिंताओं पर राजनीतिक और रणनीतिक दिशा से आगे बढ़ने की जरूरत सहित अपने नेताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश सचिव ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के पैमाने के लगातार विस्तार की उम्मीद जताई। दोनों पक्षों ने एक अपडेटेड एयर सर्विसेज एग्रीमेंट को जल्द पूरा करने की जरूरत को माना। दोनों पक्ष वीजा की सुविधा के लिए प्रैक्टिकल कदम उठाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। मंत्रालय ने कहा दोनों पक्षों ने इस साल भारत की ब्रिक्स चेयरशिप के संदर्भ में मल्टीलेटरल सहयोग पर चर्चा की। चीनी पक्ष ने भारत में एक सफल ब्रिक्स समिट के लिए अपना समर्थन जताया। उप विदेश मंत्री झाओक्सू ने यह भी बताया कि चीन यूएनएससी मेंबरशिप के लिए भारत की उम्मीदों को समझता है और उनका सम्मान करता है।

## मुख्यमंत्री ने 15 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों के बच्चों को सौंपा छात्रवृत्ति का चेक



लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज यहां के 15 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के गांवों में अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहायता दिल्ली के 857 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों तक पहुंच रही है। इसके लिए 12 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी हुई है। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर कहा कि दिल्ली उन मेहनतकश लोगों की है जो अपने श्रम से इस शहर को बनाते हैं। आज हम उसी श्रमशक्ति का सम्मान कर रहे हैं। सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ काम कर रही है। हम श्रमिक भाइयों-बहनों के लिए सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। उनके हाथ मजबूत कर रहे हैं और उनके बच्चों की पढ़ाई में मदद करके उनका भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति पाने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खूब पढ़िए, आगे बढ़िए और अपने परिवार और दिल्ली का नाम रोशन करिए। हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है। इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक एवं दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के चेयरमैन राजकुमार चौहान उपस्थित रहे।

## डा. आमिर सलमान की अचानक मृत्यु बहुत दुःखद ह-इकबाल सिंह लालपुरा

लोकतंत्र की शान





राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने आयोग की मुस्लिम एडवायज़री पेनल सदस्य डा. आमिर सलमान के देहान्त पर दुखः व्यक्त करते हुए कहा डा. आमिर सलमान की अचानक मृत्यु होने से बहुत दुखः हुआ है आमिर सलमान मुस्लिम समुदाय के उत्थान के लिए दूर दृष्टि रखते थे। वह हमेशा आयोग की सभाओं में अल्पसंख्यकों विशेषकर मुस्लिम समुदाय की समस्याओं पर चर्चा करते थे वह समाज और देशहित के लिए निरंतर कार्य करते थे। मेरी वाहेगुरू से प्रार्थना है रब उनकी आत्मा को शांती दे और उनको अपने चर्णों में स्थान दे तथा उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दे इसी प्रकार के विचार व्यक्त करते हुए आयोग के मुस्लिम एडवायज़री पेनल सदस्य मो. रियाज़ ने कहा डा. आमिर सलमान के साथ मिलकर हमारी पूरी टीम ने अल्पसंख्यकों के विकास के लिए कार्य किये जैसे आयोग द्वारा केन्द्रीय मदरसा बोर्ड का गठन, स्कूल के पाठ्यक्रम में धार्मिक शिक्षा लागू कराना इत्यादी, इन सब विषयों पर कार्य किये। डा. मो. एजाज, डा. अब्दुल रहीम, मास्टर मुशर्रफ अली, एडवोकेट सनोबर अली कुरैशी, इन सब सदस्यों ने डा. आमिर सलमान से संबंधित अपने विचार व्यक्त किये। ज्ञात हो कि गत दिनों 5 फरवरी 2026 को डा. आमिर सलमान का ओखला में एक्सीडेंट हो गया था। उनका उपचार नोएडा के यथार्थ अस्पताल मे चल रहा था जहां 10 फरवरी को उनका सुबह 11 बजे देहांत हो गया। टीम सदस्यः डा. एस.एम.कामरान, तारिक परवेज़, मो. नासिर, मुजाहिद खान, मो. ज़ाहिद, मो.आदिल, मो. अनवर, हशकील हैदर, अनीस फातिमा, तनवीर जहां, डा.अलीशा, दिलबाग सिंह, डा. सुकांत, नीलम चतुर्वेदी, जमाल अहमद और सद्दाम मजीब इत्यादी इन सब लोगों ने संवेदना व्यक्त की।

## मोदी सरकार ने भारत माता को बेच दिया, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह आत्मसमर्पण- राहुल गांधी

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्लीः** लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड समझौते को पूरी तरह आत्मसमर्पण बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने भारत माता को बेच दिया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के जरिए 140 करोड़ भारतीयों का भविष्य गिरवी रख दिया गया है। इससे युवाओं के रोजगार, किसानों की फसल और ऊर्जा सुरक्षा को दांव पर लगा दिया गया है। उन्होंने एपस्टीन फाइल्स और अमेरिका में अडानी पर चल रहे केस का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सत्ता बचाने की कीमत राष्ट्रीय हित से चुकाई है। उन्होंने कहा कि कोई प्रधानमंत्री बिना भारी दबाव के ऐसे घुटने नहीं टेकता और यह समझौता बराबरी का नहीं, बल्कि मजबूरी का है। संसद में बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दबाव में आकर देश के हितों से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल्स के खुलासों के दबाव में और अमेरिका में चल रहे केस में अडानी यानी भाजपा के वित्तीय नेटवर्क को बचाने के लिए मोदी सरकार ने सरेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रधानमंत्री सामान्य परिस्थितियों में ऐसा समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगपति अनिल अंबानी आपराधिक मामलों के बावजूद जेल में इसलिए नहीं हैं क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में आया है और उन्हें एपस्टीन से मिलवाने वाले केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी थे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मार्शल आर्ट में जब किसी पर चोक लगाया जाता है, तो उसकी आंखों में डर दिखाई देता है। उसी तरह नरेंद्र मोदी की आंखों में भी डर दिखता है और वे आंख में आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते। नेता विपक्ष ने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी चुनौतियों का जिक्र करते हुए आगे कहा कि बड़ी संख्या में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की जगह एआई ले लेगा। उन्होंने कहा कि एआई का असली ईंधन डेटा है और भारत के पास उसकी 140 करोड़ जनता के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा डेटा पूल है, जो 21वीं सदी की सबसे बड़ी रणनीतिक संपत्ति है। उन्होंने किसानों के हितों से समझौता होने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहली बार भारतीय इतिहास में हमारे किसान तूफ़ान का सामना कर रहे हैं। सरकार ने गरीब किसानों को कुचलने के लिए दरवाजा खोल दिया है। अब अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत में आएंगे, जिससे छोटे किसानों पर असर पड़ेगा।

## 'यादव जी की लव स्टोरी' का रोमांटिक गीत लॉन्च-दिलों को छू लेने वाली प्रेम कहानी

27 फरवरी को सिनेमाघरों में

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अक्सर माना जाता है कि जिन फिल्मों के शीर्षक में "लव स्टोरी" जुड़ा होता है, वे दर्शकों के दिलों में खास जगह बना लेती हैं। वर्षों पहले कुमार गौरव और विजयंता पंडित की फिल्म लव स्टोरी ने बिना ज्यादा प्रचार के बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी। अब फरवरी के अंतिम सप्ताह में दर्शकों को एक बार फिर ऐसी ही रोमांटिक फिल्म देखने को मिलने वाली है। ठाकुराणी प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माता संदीप तोमर की नई स्टारकास्ट के साथ बनी फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' 27 फरवरी को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है। हाल ही में नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में फिल्म के कलाकारों और पूरी टीम ने मीडिया से मुलाकात की। इस मौके पर फिल्म का रोमांटिक गीत 'थोड़ी थोड़ी सी' बेहद शानदार अंदाज में लॉन्च किया गया और टीम ने मीडिया के सवालों के खुलकर जवाब दिए। फिल्म के निर्देशक अंकित भड़ाना ने बताया कि यह फिल्म भावनाओं से भरपूर एक साफ-सुथरी प्रेम कहानी है, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग रिकॉर्ड ढाई महीने में पूरी हुई और इसका श्रेय पूरी टीम और कलाकारों की मेहनत को जाता है, जिन्होंने सुबह से देर रात तक लगातार काम किया। हालांकि निर्देशक ने कहानी को फिलहाल सीक्रेट रखते हुए दावा किया कि यह प्रेम कहानी संवेदनशीलता और मनोरंजन दोनों की कसौटी पर खरी उतरेगी। फिल्म की लीड एक्ट्रेस प्रगति तिवारी इस अवसर पर बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के जरिए उनका बड़े पर्दे पर आने का सपना पूरा हुआ है। प्रगति ने निर्देशक अंकित भड़ाना और निर्माता संदीप तोमर तथा सहनिर्माता रजत तनवर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी टीम ने उनके हर कदम पर सहयोग और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग दिल्ली-एनसीआर की विभिन्न वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और फिल्म में उनका किरदार काफी दमदार है। कार्यक्रम के दौरान प्रगति ने अपनी मधुर आवाज में फिल्म का गीत 'थोड़ी थोड़ी सी' गाकर भी सुनाया, जिसे मीडिया ने खूब सराहा। फिल्म का संगीत विष्णु नारायण ने दिया है, जबकि गीत प्रगति और रोहित सरधाना ने लिखे हैं। निर्माता संदीप तोमर ने दर्शकों से अपील की कि वे 27 फरवरी को अपने परिवार और दोस्तों के साथ सिनेमाघरों में आकर इस रोमांटिक, मनोरंजक और मधुर संगीत से सजी प्रेम कहानी का आनंद लें। फिल्म में प्रगति तिवारी, विशाल मोहन, अंकित भड़ाना, सुविंदर विक्की, मानसी, दीपक कपूर सहित कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा-सोनम वांगचुक को रिहा करना फिलहाल संभव नहीं

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में केंद्र सरकार ने कहा है कि लद्दाख के कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य के आधार पर रिहा करना मुमकिन नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सोनम वांगचुक की अब तक कुल 24 बार स्वास्थ्य की जांच की गई है। वह फिट और तंदुरुस्त हैं। इसके पहले 4 फरवरी को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा था कि उसे सोनम वांगचुक की खराब होती जा रही तबीयत को ध्यान में रखते हुए उनकी हिरासत जारी रखने के फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए। कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में निर्देश लेकर कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने 8 जनवरी को चौरी चौरा कांड का जिक्र करते हुए कहा था कि हिंसा के बाद सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल तत्काल वापस ले ली थी। आपको याद होगा कि गांधीजी ने भी ऐसा ही किया था। जब चौरी चौरा की घटना के बाद हिंसा हुई थी, तो उन्होंने भी बिल्कुल वैसा ही किया था। सिब्बल ने कहा कि हिरासत में लेने के 28 दिन बाद उनको हिरासत में लेने के आधार बताए गए, जो कानूनी समय-सीमा का साफ उल्लंघन है।

## लापता लोगों के बढ़ते मामलों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट का केंद्र, दिल्ली सरकार को नोटिस

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल के पहले 15 दिनों में 800 से ज्यादा लोगों के गायब होने पर कार्रवाई की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और नेशनल क्राईम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि क्या गुमशुदगी के मामले पर ऐसी ही कोई याचिका उच्चतम न्यायालय में लंबित है। याचिका में इस साल के पहले 15 दिनों में 800 से ज्यादा लोगों के गायब होने पर कार्रवाई की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राईट टू बी फाउंड (मिलने का अधिकार) संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार का अहम हिस्सा है। याचिका में कहा गया है कि गुमशुदा व्यक्तियों को ढूंढ़ने के लिए बाध्यकारी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है। गुमशुदा व्यक्तियों को खोजने के लिए स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तो जारी किए गए हैं लेकिन वे कड़ाई से लागू नहीं किए जाते हैं। यही वजह है कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर लोग गायब हो रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक से 15 जनवरी के बीच 807 लोग दिल्ली से गायब हो गए हैं। इस खबर पर दिल्ली में व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। छह फरवरी को दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में एक ट्वीट किया और कहा कि गायब होने के मामलों में बढ़ोतरी की खबरों को पैसे लेकर प्रमोट किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने लोगों में भय पैदा करने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। हालांकि, इस मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में विस्तृत जवाब तलब किया है। आयोग ने कहा कि अगर ये सही है तो ये काफी गंभीर मामला है।

## नीतीश कटारा हत्याकांड में सजा काट रहे विकास यादव को फरलो देने से हाई कोर्ट का इनकार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीतीश कटारा हत्याकांड में सजा काट रहे विकास यादव की तीन हफ्ते के लिए फरलो पर रिहा करने की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस रविंद्र डूडेजा की बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि विकास यादव को फरलो पर रिहा नहीं करने के जेल महानिदेशक के आदेश में कोई दखल की जरुरत नहीं है। कोर्ट ने 5 जनवरी, 2025 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान नीतीश कटारा के परिवार की ओर से वकील संचार आनंद ने विकास यादव की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अगर विकास यादव को फरलो पर रिहा किया जाता है तो गवाहों की सुरक्षा प्रभावित होगी। संचार आनंद की इस दलील का विरोध करते हुए विकास यादव के वकील विकास पाहवा ने कहा था कि गवाह को 20-20 सुरक्षाकर्मी 24 घंटे सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। विकास यादव ने तिहाड़ जेल के महानिरीक्षक से फरलो पर तीन हफ्ते के लिए रिहा करने की मांग की थी जिसे नामंजूर कर दिया गया था। जेल प्रशासन ने विकास यादव के खिलाफ अपराध की गंभीरता, पीड़ित के परिवार की सुरक्षा का हवाला देकर किए जा रहे विरोध को देखते हुए अर्जी खारिज कर दी थी। विकास यादव ने जेल महानिरीक्षक के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका में विकास यादव ने कहा था कि 25 साल की सजा में उसने 23 साल से ज्यादा हिरासत में गुजार दिए हैं। विकास यादव ने कहा था कि वो अपनी मां की देखभाल और शादी के लिए चार महीने के अंतरिम जमानत पर था लेकिन उसने जमानत की किसी भी शर्तों का उल्लंघन नहीं किया।3 अक्टूबर 2016 को उच्चतम न्यायालय ने विकास यादव की सजा घटाकर 25 साल कर दी थी। विकास यादव उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता डीपी यादव का बेटा है। 17 फरवरी, 2002 को नीतीश कटारा की हत्या कर दी गई थी। नीतीश कटारा का विकास यादव की बहन भारती यादव के साथ प्रेम संबंध था, जो यादव परिवार को मंजूर नहीं था।

## संक्षिप्त समाचार

### चिरंजी लाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन डगरोली में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** बुधवार को महाविद्यालय चिरंजी लाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राकेश आर्य ने स्थानीय गांव कालकावाली डगरोली मैं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया 1 प्राचार्य ने कौशल विकास हेतु युवा विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न तरह के कौशल प्रशिक्षण केंद्र गांव, ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर खोलने का कार्य किया जा रहा है जिसके द्वारा हमारे युवा अपने भविष्य के सपनों को साकार कर रहे हैं 1 इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कौशल बनाकर रोजगार दिलाना है 1 भारत में कौशल की कमी नहीं है लेकिन जरूरत है उनके छुपे हुए कौशल को बाहर निकालने की और सही मार्गदर्शन देने की 1 इस योजना के तहत सरकार ने युवाओं को उनके पसंदीदा क्षेत्र मैं निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले हैं जिसके अंत में उन्हें मिलने वाले सर्टिफिकेट पूरे भारतवर्ष मान्य होगा और रोजगार प्राप्ति में सहायता मिलेगी 1 इस योजना के तहत सभी को उसे कार्य में रोजगार दिलाना है जिसमें वह निपुण हो 1 जैसे खाना बनाना, कपड़े सिलना, पढ़ाई लिखाई , कंप्यूटर कार्य, कढ़ाई , बुनाई आदि मैं सभी को शिक्षित करना और उन्हें कौशल बनाना ताकि जो कुछ भी उन्होंने सीखा है उसके बल पर रोजगार कमा सकें 1 इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने सभी का आभार व्यक्त कर इस योजना में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया 1 कार्यक्रम में मास्टर रमेश कुमार, विनोद गुप्ता, अतुल शर्मा, लोकेश कुमार, जूही त्यागी, आकाश, नितिन, प्रेम सिंह, लकी शर्मा, लविश शर्मा, अनमोल, राहुल राणा सहित सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया ।




### पालिका में विकास की रफ्तार तेज, एक के बाद एक पूरे हो रहे जनहित के कार्य

**लोकतंत्र की शान : सैय्यद कुमैल ज़ैदी : संभल।** नगर पालिका प्रशासन के नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो गई है। चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खान एवं अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी की देखरेख में कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अनेक कार्य प्रगति पर हैं। नगर में अब तक जिन प्रमुख कार्यों को पूरा कराया गया है, उनमें— नई सीसी सड़क निर्माण एवं जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण गली-मोहल्लों में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछवाना एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाना व खराब लाइटों की मरम्मत नालियों का निर्माण एवं सफाई अभियान जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना वार्डों में नियमित फॉगिंग व साफ-सफाई अभियान सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण पार्कों का जीर्णोद्धार एवं हरियाली अभियान कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को मजबूत करना पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत एवं नई लाइनें डलवाना सामुदायिक शौचालयों का निर्माण व मरम्मत अतिक्रमण हटाओ अभियान मुख्य मार्गों पर डिवाइडर व सुंदरीकरण कार्य सार्वजनिक स्थलों पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना इसके अतिरिक्त आने वाले समय में और भी बड़े विकास कार्यों की योजना तैयार की जा रही है, जिनमें प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण, नए पार्कों का निर्माण, आधुनिक कूड़ा प्रबंधन प्रणाली, स्मार्ट लाइटिंग व्यवस्था और जलभराव की स्थायी समस्या के समाधान हेतु विशेष प्रोजेक्ट शामिल हैं। चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खान का कहना है कि "नगर का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।" वहीं अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी ने कहा कि "गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य कराना हमारी जिम्मेदारी है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना ही हमारा लक्ष्य है।" नगरवासियों का कहना है कि वर्तमान नेतृत्व में नगर पालिका विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और शहर की तस्वीर तेजी से बदल रही है।



### ऊर्जा क्षेत्र में 65,926 करोड़ के प्रावधान से यूपी को मिलेगी नई रफ्तार

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन, आपूर्ति और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। बजट में ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के लिए 65,926 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

**बिजली आपूर्ति में सुधार, ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता**–सरकार के अनुसार दिसंबर 2025 तक औसत विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों में 19 घंटे, तहसील मुख्यालयों पर 21 घंटे 49 मिनट, जनपद मुख्यालयों पर 24 घंटे सुनिश्चित की गई है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि बिजली आपूर्ति के मोर्चे पर राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 1 अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक 2,41,088 निजी नलकूप संयोजन जारी किए गए हैं। सामान्य योजना के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से अब तक 1,66,135 नलकूप संयोजन दिए जा चुके हैं। कृषि कार्य हेतु अलग फीडर निर्माण योजना के तहत 4,680 के लक्ष्य के सापेक्ष 4,048 कृषि फीडरों का निर्माण किया जा चुका है, जिन पर 10 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है जो देश में सर्वाधिक बताई गई है।

**उपकेंद्रों और ट्रांसफॉर्मरों का व्यापक विस्तार**–1 अप्रैल 2022 से 2025-26 तक 2,410 नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का निर्माण व क्षमता वृद्धि, 20,924 नए वितरण ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना, 85,684 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमतावृद्धि की गई है। वहीं, राज्य की पारेषण क्षमता वर्ष 2016-17 के 17,890 मेगावॉट से बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 32,500 मेगावॉट कर दी गई है, जो 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई संगोष्ठी

लोकतंत्र की शान , देवेंद्र सिंह



**सीतापुर।** भारतीय जन संघ के पुरोधा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर स्थानीय जिला पंचायत सभागार में एक संगोष्ठी व प्रदर्शनी आयोजित की गई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के कार्यालय मंत्री व सीतापुर प्रवासी डॉ विमल सिंह उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर विमल सिंह ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम सब के विचारों के उत्सर्जक महामानव है उन्होंने राजनीति में मर्यादा एवं सच्चाई का प्रतिपादन किया और अंत्योदय का मंत्र पालन करते हुए उन्होंने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने का संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल मनुष्य ही नहीं पशु पक्षियों एवं प्रकृति के संरक्षण की बात करते थे और वह कांग्रेस की पाश्चात्य नीतियों का विरोध करते थे वह सच्चे मायने में एक राजनीतिक संत थे कार्यक्रम में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी ने उनके संपूर्ण जीवन चित्र व राजनीतिक संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राजनीतिक संघर्षों एवं उनकी आदर्शवादिता पर अपनी बात रखी।। उन्होंने उनके पारिवारिक दायित्व एवं संघर्षों का भी भावुक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षों को आज सभी द्वारा पढ़े जाने की आवश्यकता है और उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में जुटने का कार्य किया जाना चाहिए।। लहरपुर के निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा ने भी अपने विचार विस्तार से रखें ।।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सुधाकर शुक्ला द्वारा किया गया इस अवसर पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओ व जन सामान्य द्वारा अवलोकिता किया गया। साथ ही विकास भवन स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर भाजपाइयों द्वारा पुष्पांजलि भी कि गयी। इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर गोविंद भारती संजय मिश्रा जितेंद्र मेहरोत्रा, रमेश भार्गव दीपू,नेहा अवस्थी,जया सिंह अमित तिवारी रामप्रताप सिंह सचिन मिश्रा उदित वाजपेई, राजेश्वर रस्तोगी सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।।

## अधिवक्ता और दरोगा के बीच मारपीट मामले में दोनों पक्षों में हुआ समझौता

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** बुधवार को अधिवक्ताओं और दरोगा के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया, बता ते चलें कि 10 फरवरी को सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने दरोगा पर मारपीट का आरोप लगाया था जिसको लेकर भारी हंगामा हुआ था वही आज अधिवक्ताओं के समर्थन में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के साथ-तहसील बार एसोसिएशन भी पूर्ण रूप से उतर आया था वही पुलिस द्वारा अधिवक्ता मनीराम एवं अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसको लेकर हसनपुर से भारी संख्या में अधिवक्ता अमरोहा पहुंचे थे और जिला जज महोदय एवं पुलिस अधीक्षक के सामने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वार्ता की गई थी, इसके उपरांत जिला जज महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के हस्तक्षेप के बाद हसनपुर कोतवाली में देर श्याम अधिवक्ता एवं दरोगा के बीच अधिवक्ताओं की मौजूदगी में समझौता हो गया इस संबंध में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट एसोसिएसन के अध्यक्ष सलीम खान एडवोकेट ने बताया कि जिला जज महोदय एवं पुलिस अधीक्षक अमरोहा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर के सहयोग से पीड़ित अधिवक्ता मनीराम एवं दरोगा राम प्रकाश के बीच हुई गलतफहमियों को दूर करा दिया गया है साथ ही दोनों को गले मिलवाकर इस मामले को यहीं खत्म कर दिया गया है उन्होंने बताया कि अब अधिवक्ताओं व पुलिस के बीच कोई विवाद नहीं है, इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, दीनदयाल यादव, प्रमोद शर्मा, मोहम्मद शाहिद एडवोकेट,अंशु त्यागी, नरेंद्र यादव आदि सहित भारी संख्या में अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे 1



## थाना हज़रत नगर गढ़ी में एसपीएल कार्यक्रमः थाना प्रभारी सुधीर पवार ने छात्र-छात्राओं में भरा उत्साह और विश्वास

लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी




**संभल/सिरसी।** थाना हज़रत नगर गढ़ी परिसर में आयोजित एसपीएल-1.0, 2.0 एवं 3.0 कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुधीर पवार ने की, जिन्होंने पूरे आयोजन को नेतृत्व प्रदान करते हुए युवाओं को पुलिस व्यवस्था और करियर के विषय में विस्तार से जानकारी दी। थाना प्रभारी सुधीर पवार ने अपने संबोधन में एसपीएल (Student Police Liaison) कार्यक्रम के उद्देश्यों को विस्तार से समझाते हुए बताया कि इसका मुख्य मकसद पुलिस और युवाओं के बीच संवाद, विश्वास और सहयोग को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि एसपीएल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को न केवल कानून व्यवस्था की जानकारी दी जाती है, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। उन्होंने बीट पुलिसिंग प्रणाली, थाना स्तर पर शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया, आपातकालीन सेवाओं तथा साइबर अपराध से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उनके सरल, प्रभावशाली और प्रेरणादायक वक्तव्य से उपस्थित छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। एसएसआई सत्यदेव सिंह ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया, शारीरिक व लिखित परीक्षा की तैयारी और चयन प्रक्रिया की जानकारी दी, वहीं उपनिरीक्षक रश्मी मलिक ने विशेष रूप से छात्राओं को पुलिस विभाग में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में थाना हज़रत नगर गढ़ी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी अधिकारियों ने मिलकर युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने, कानून का सम्मान करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी सुधीर पवार के नेतृत्व, उनकी सक्रिय कार्यशैली और युवाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। यह आयोजन पुलिस-जन संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## उत्तर प्रदेश बजट 2026 को लेकर लोगों ने दी मिली जुली प्रतिक्रिया

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** बुधवार को योगी सरकार के बजट को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया दी है जिसमें जिला मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राशिद मलिक ने बताया कि सरकार ने मुसलमानों के लिए सराहनीय काम किया अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 2058 करोड़ का बजट पेश किया अब तक की सरकारों में सबसे ज्यादा विकास मुसलमानों का योगी जी की सरकार में हुआ है, वही भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र प्रताप राणा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में जो बजट पेश किया गया है वह सर्व समाज के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा, वही शिक्षक गौरव नागर जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के 2026 के बजट में शिक्षा में योगदान के लिए बजट में बढ़ोतरी किया जाना सराहनीय कदम है, वही अधिवक्ता सुमित कुमार गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश के समग्र विकास, स्वास्थ्य ,सड़क, शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए 9.13 लाख करोड़ रुपए का 10वां बजट,अब तक की सबसे अधिक धनराशि का बजट पेश किया है, प्रदेश के चौमुखी विकास एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को आधारित बजट 2026 सराहनीय है जिससे प्रदेश के किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली एवं जनता को जमीन स्तर पर लाभ मिलेगा और दिखाई भी देगा 1






# महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड और उत्पाद विपणन योजना से आधी आबादी होगी और सशक्त

लोकतंत्र की शान




**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के सभागार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए वर्ष 2026-27 के बजट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन और दिव्यांगजन कल्याण को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का रोडमैप पेश किया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**युवाओं के लिए वन डिस्ट्रिक्ट, वन कमिश्नरी, वन डिविजनल हेड क्वार्टर, वन स्पोटर्स कॉलेज की परिकल्पना**–मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने कहा कि प्रदेश ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए ई क्यूब के रूप में एंप्लाइमेंट, इंटरप्राइसेस और एक्सीलेंस के तहत उल्लेखनीय प्रगति की है। बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में महिला श्रम बल भागीदारी 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसे आगे बढ़ाने के लिए महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना की बजट में घोषणा की गई है, जो केंद्रीय बजट में प्रस्तावित सी-मार्ट की तर्ज पर कार्य करेगी। इसके साथ ही बजट में महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से महिलाओं को ब्याज मुक्त पूंजी उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि वे छोटे-छोटे उद्यमों के लिए महंगे कर्ज के बोझ से मुक्त रह सकें और लखपति दीदी लक्ष्य को साकार किया जा सके। इसके अलावा कामकाजी महिलाओं के लिए प्रत्येक जनपद स्तर पर श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण के लिए भी बजट में धनराशि सुनिश्चित की गई है। बजट में युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए वन डिस्ट्रिक्ट, वन कमिश्नरी, वन डिविजनल हेड क्वार्टर, वन स्पोटर्स कॉलेज की परिकल्पना रखी गई है। प्रदेश के 18 कमिश्नरी मुख्यालयों पर एक-एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी।मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर बन रही स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी अप्रैल-मई तक पूरी हो जाएगी, जहां शैक्षणिक सत्र पहले से प्रारंभ हो चुके हैं। वर्ष 2030 अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक में भारत की प्रस्तावित दावेदारी को ध्यान में रखते हुए इन स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम, खेल मैदान, मिनी स्टेडियम और स्टेडियम निर्माण को प्राथमिकता दी गई है, जिसे खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा।

## गजरौला में तीन दिवसीय जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**गजरौलाः** औद्योगिक नगरी में तीन दिवसीय जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज हो गया। पहले दिन का मैच शक्ति स्कवॉड की टीम ने वीरांगना इलेवन को 11 रनों की शिकस्त देकर जीत लिया। बुधवार की दोपहर तीन बजे नाईपुरा में गांव सादुल्लापुर रोड पर स्थित जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी के खेल मैदान में तीन दिवसीय जुबिलेंट महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ जिला उपभोक्ता फोरम में जज अंजू दीक्षित, रेनू तिवारी,वंदना शुक्ला, ममता गुप्ता, श्वेता शुक्ला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में जुबिलेंट प्रबंधन के कार्यों की प्रशंसा की। शक्ति स्कवॉड की कप्तान माही झा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का जिम्मा लिया। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी कप्तान मंजू लता एवं उप कप्तान अर्चना यादव की वीरांगना इलेवन टीम 83 रनों पर सिमट गई। विजेता टीम शक्ति स्कवॉड की कविता चांद को सर्वाधिक रन बनाने पर बेस्ट बैटमैन एवं मैन ऑफ दि मैच का खिताब मिला। स्वाति मर्तेलिया बैस्ट बॉलर रहीं। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, विनय शुक्ला, धीरुपतइया मुक्कु, मैच व्यवस्थापक नीरज सिंह, अरुण प्रताप सिंह, पुनीत तिवारी, रितु तिवारी, ऊषा वर्मा, रूचि मिश्रा, गीता परिहार, ममता सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# खूबसूरत लखनऊ पर दाग? हुसैनाबाद ट्रस्ट की कार्यशैली पर तीखा सवाल

लोकतंत्र की शान , सैय्यद कुमैल ज़ैदी




**लखनऊ।** नवाबी दौर की शान और अवध की ऐतिहासिक पहचान माने जाने वाला हुसैनाबाद क्षेत्र आज बदहाली की मार झेलता नजर आ रहा है। जिस जगह को लखनऊ की खूबसूरती और पर्यटन का प्रमुख केंद्र माना जाता है, वहीं आज शाही फाटकों और ऐतिहासिक इमारतों की जर्जर हालत कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। करोड़ों रुपये की आमदनी के बावजूद संरक्षण कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा, जिससे हुसैनाबाद ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हुसैनाबाद ट्रस्ट को टिकटों की बिक्री, दुकानों के किराए, पार्किंग और अन्य स्रोतों से हर वर्ष भारी राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद शाही फाटकों का प्लास्टर झड़ रहा है, लोहे के गेट जंग से भर चुके हैं और रंग-रोगन पूरी तरह फीका पड़ चुका है। कई स्थानों पर दरारें भी दिखाई दे रही हैं, जो आने वाले समय में बड़े नुकसान का संकेत देती हैं। इतिहासकारों और समाजसेवियों का मानना है कि हुसैनाबाद केवल एक इमारत या पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि लखनऊ की तहज़ीब, संस्कृति और गौरव का प्रतीक है। यदि समय रहते संरक्षण और मरम्मत का समुचित कार्य नहीं किया गया तो यह धरोहर अपनी मूल भव्यता खो सकती है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि शहर की पहचान के साथ भी अन्याय मानी जा रही है। शहर के जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि हुसैनाबाद ट्रस्ट की आय-व्यय का पारदर्शी ऑडिट कराया जाए, विशेषज्ञों द्वारा संरचनात्मक सर्वे कराया जाए और त्वरित प्रभाव से मरम्मत एवं संरक्षण कार्य शुरू किया जाए। उनका कहना है कि लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहर को बचाना केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। अब देखना यह है कि करोड़ों की आमदनी के बावजूद बदहाल हो रही इस विरासत पर जिम्मेदार अधिकारी कब संज्ञान लेते हैं और लखनऊ की शान को फिर से उसकी पुरानी भव्यता दिलाने के लिए ठोस कदम कब उठाए जाते हैं।

# नव निर्माण के नौ वर्ष : यूपी ने तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ाया निर्णायक कदम

लोकतंत्र की शान




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर पर बड़ा भरोसा जताया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र के लिए 2059 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित किया गया है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 76 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि की गई है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि उत्तर प्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था और उन्नत तकनीक का अग्रणी केंद्र बनाया जाएगा। बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एआई मिशन की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही इंडिया एआई मिशन के तहत प्रदेश की 49 आईटीआई में एआई लैब स्थापित की जाएंगी। प्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडिया एआई डाटा लैब्स की स्थापना के लिए 32 करोड़ 82 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ते हुए रोजगार के नए अवसर तैयार करना है। साइबर सुरक्षा को भी बजट में अहम स्थान मिला है। साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र की स्थापना के लिए 95 करोड़ 16 लाख रुपये की नई योजना प्रस्तावित की गई है। डिजिटल विस्तार के साथ बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए इसे रणनीतिक कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है। इस पहल में माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, इंटेल, आईबीएम और वन एम वन बी जैसी वैश्विक कंपनियां प्रदेश सरकार के साथ मिलकर एआई प्रशिक्षण दे रही हैं। किसानों, स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों, डॉक्टरों तथा राजकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य एआई तकनीक को जमीनी स्तर तक उतरना है। डाटा सेंटर के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में 30,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 8 डाटा सेंटर पार्क स्थापित करने और 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें 6 डाटा सेंटर पार्क और 2 डाटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 21,342 करोड़ रुपये का निवेश और 644 मेगावाट क्षमता अर्जित की जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना जंक्शन पर यात्रियों ने ट्रेन रोकी, ट्रैक पर उतरे, पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस में भीड़ से हंगामा

**पटना।** मंगलवार देर शाम पटना जंक्शन पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब अत्यधिक भीड़ के कारण 13350 पटना-सिंगरौली (पलामू) एक्सप्रेस में यात्री नहीं चढ़ पाए। नाराज यात्रियों ने प्लेटफॉर्म छोड़कर रेलवे ट्रैक पर उतरकर ट्रेन रोक दी और हंगामा किया। इस घटना के कारण ट्रेन घंटों विलंब से रवाना हुई। यह घटना रात करीब 7:15 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 9 पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिंगरौली एक्सप्रेस आने से पहले ही प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़ जमा थी। ट्रेन रुकते ही यात्री डिब्बों में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की करने लगे, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण कई यात्री कोच में प्रवेश नहीं कर पाए और प्लेटफॉर्म पर ही छूट गए। इसी दौरान गुस्साए सैकड़ों यात्रियों में से करीब दो दर्जन से अधिक लोग रेलवे ट्रैक पर उतर आए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए ट्रेन को रोक दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे स्टेशन पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने ट्रैक पर उतरे यात्रियों को समझाने और प्लेटफॉर्म पर लौटने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहा और ट्रेन यातायात बाधित रहा। स्थिति नियंत्रित नहीं होने पर रेल पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद 18 यात्रियों को हिरासत में लिया गया। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रेलवे अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस हंगामे के कारण सिंगरौली (पलामू) एक्सप्रेस करीब 45 मिनट तक प्लेटफॉर्म संख्या 9 पर खड़ी रही। ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से रात 7:56 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हो सकी। ट्रेन के विलंब से अन्य यात्रियों को भी परेशानी हुई और कुछ समय के लिए अन्य ट्रेनों के परिचालन पर भी असर पड़ा। रेल पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गया रूट पर मेगा ब्लॉक लगाए जाने के कारण कई ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। इसके चलते यात्रियों की संख्या अचानक सिंगरौली एक्सप्रेस में बढ़ गई, जिससे हालात बेकाबू हो गए। भीड़ बढ़ने से प्लेटफॉर्म पर अव्यवस्था फैल गई और अफरातफरी का माहौल बन गया।

### 8 हवाला और शराब धंधेबाज गिरफ्तार, फ्लैट में शख्स को बंधक बनाकर जमीन एग्रीमेंट का बना रहे थे दबाव

**पटना।** दानापुर पुलिस ने अवैध विदेशी शराब और नगदी के साथ आठ हवाला एवं शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर जमीन एग्रीमेंट कराने का दबाव डालने का आरोप है। पुलिस ने इनके पास से 35 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, चार लाख सोलह हजार रुपए नगद और 8 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए हवाला कारोबारी और शराब तस्करों की पहचान बक्सर जिले के सोनवर्षा निवासी अनीश कुमार, पटना के गर्दनीबाग निवासी राहुल कुमार, दानापुर त्रिमूर्ति नगर निवासी शिलानाथ गुप्ता, दानापुर आदर्श नगर गजाधर चक निवासी रोहित कुमार और रॉकी कुमार, दीघा थाना क्षेत्र के बाटागंज निवासी विशाल कुमार, तथा रामजीचक बाटा निवासी रवि किशन के रूप में हुई है।



पटना सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दानापुर थाना पुलिस को गोला रोड स्थित एसएस अपार्टमेंट में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति को बंधक बनाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दानापुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 305 में बंधक बनाए गए शिलानाथ गुप्ता को अन्य लोगों के साथ पाया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे हवाला और शराब का कारोबार करते हैं। शिलानाथ गुप्ता ने उनके कारोबार में पैसे के लेन-देन और साइबर फ्रॉड किया था, जिसके कारण उसे बंधक बनाकर जमीन एग्रीमेंट करवाने का दबाव डाला जा रहा था। आगे की पूछताछ में यह भी पता चला कि अनीश कुमार, राहुल कुमार और शिलानाथ गुप्ता मिलकर हवाला का कारोबार करते थे। वे स्थानीय व्यवसायियों को 30 प्रतिशत लाभ का लालच देकर हवाला में पैसा लगाने को तैयार करते थे और इसी क्रम में उन्हें साइबर फ्रॉड का शिकार भी बनाते थे। इस संबंध में साइबर थाना में एक मामला दर्ज किया गया है, वहीं दानापुर थाना में भी कांड संख्या 160/26 दर्ज की गई है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### चाचा ने भतीजे का अपहरण कर मांगा 3 लाख, शराब-ड्रग्स सप्लायर ने रची साजिश, 11 वर्षीय बालक बरामद

**हाजीपुर।** हाजीपुर के बिदुपुर थाना क्षेत्र के मजलिसपुर गोखुला गांव में सोमवार को एक 11 वर्षीय बालक के अपहरण और फिरौती का मामला सामने आया। पुलिस दिनभर इस मामले को सुलझाने में जुटी रही। देर शाम बालक को बरामद कर लिया गया, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने बालक से विस्तृत पूछताछ के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया। संबंधित गांव के बृज किशोर की पत्नी ने ग्रामीणों को बताया कि उनका 11 वर्षीय बेटा सोमवार को स्कूल गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें अपहरणकर्ताओं ने तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी। साथ ही धमकी दी गई कि अगर पुलिस को सूचना दी तो बच्चे की हत्या कर दी जाएगी। अपहृत बालक के पिता दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने दिल्ली से ही बिदुपुर थाने में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की जांच शुरू कर दी। देर शाम पुलिस की सक्रियता और जांच को देखते हुए बालक का चचेरा भाई उसे लेकर थाने पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि वह बच्चे को ढूंढ रहा था और उसे जहुआ स्थित एक दवा की दुकान पर बैठा मिला, जहां से वह उसे थाने ले आया। थाने पहुंचने पर बालक ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा दीपक कुमार उसे बाइक से स्कूलपुर से ले गए थे। उसने आरोप लगाया कि चाचा उसे दूर जंगल में ले गए, जहां उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर, हाथ-पैर बांधकर उसकी पिटाई की गई। बालक के सामने ही उसकी मां को फोन कर फिरौती की रकम मांगी गई। बालक ने बताया कि वह किसी तरह वहां से निकलकर बाजार पहुंचा। हालांकि, थाने में एक घंटे बाद बालक अपने पहले बयान से मुकर गया। पुलिस ने जब उससे गहनता से पूछताछ की, तो सच्चाई सामने आई। पता चला कि बालक के चाचा दीपक और छोटू नामक व्यक्ति दोनों अवैध शराब और ड्रग्स के धंधे से जुड़े हैं।

### डीएम वर्षा सिंह ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर स्थित सदर अस्पताल में देर रात जिलाधिकारी (DM) वर्षा सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर से दो दलालों को गिरफ्तार किया गया और सात एम्बुलेंस जब्त की गईं। निरीक्षण के दौरान, डीएम ने सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को पहचान पत्र (आईडी) लगाकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों के परिजनों के लिए भी पहचान पत्र अनिवार्य करने के आदेश दिए, ताकि दलालों की पहचान आसानी से की जा सके। सदर अस्पताल के प्रवेश और निकास द्वार के बाहर एम्बुलेंस पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान, अस्पताल अधीक्षक गुड़िया कुमारी और अस्पताल मैनेजर मंजर आलम अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। यह कार्रवाई सदर अस्पताल हाजीपुर के शिशु वार्ड में नवजात शिशु की अदला-बदली की पिछली घटना के बाद की गई है। उस मामले में जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने जांच की थी, जिसमें डॉक्टर सहित सात कर्मी दोषी पाए गए थे। इनमें से दो की सेवा समाप्त कर दी गई थी, जबकि पांच को स्थानांतरित किया गया था। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भी गहन निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम के पहुंचने से लगभग आधे घंटे पहले सदर एसडीओ राम बाबू बैठा भी अस्पताल पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान, दो दलाल किस्म के लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। जांच में इन दलालों के मोबाइल से निजी अस्पतालों की तस्वीरें और पैसों के लेनदेन के सबूत भी मिले हैं। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई निर्देशों के बाद की गई है और यह लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी पर तैनात सभी डॉक्टर, एम्बुलेंस कर्मी और स्वास्थ्य कर्मी अपना पहचान पत्र लगाकर ही काम करेंगे।

# पटना कोर्ट उड़ाने की धमकी मेल के जरिए धमकी दी गई

**एजेंसी, पटना**

पटना, दानापुर और किशनगंज सिविल कोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह मेल के जरिए धमकी दी गई है। मेल में लिखा है कि, 'ठीक 1 PM बजे आपके कोट परिसर में 5 बम धमाके होंगे। पाकिस्तान-कनमोझी जिंदाबाद!'। एहतियात के तौर पर कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया। फिलहाल, पुलिस ने कोर्ट परिसर को बंद कर दिया है और किसी भी को भी अंदर नहीं जाने दे रही है। पटना सिविल कोर्ट में आज पप्पू यादव के मामले पर सुनवाई होनी थी। लेकिन इस धमकी के बाद सुनवाई को टाल दिया गया है। ये छठी बार है जब पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बार-बार धमकी मिलने के बाद वकीलों की पुलिस से बहस भी हुई। वकीलों ने पुलिस से कहा कि, आप लोग कर क्या रहे हैं?

**किशनगंज कोर्ट को भी उड़ाने की धमकी:** किशनगंज कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने दावा किया कि जज चैंबर, वॉशरूम और अन्य स्थानों पर आरडीएक्स जैसे विस्फोटक लगाए गए हैं,




जिन्हें रिमोट से उड़ाया जा सकता है। एहतियात के तौर पर कोर्ट परिसर को खाली कराया गया।

**पटना सिविल कोर्ट को छठी बार बम से उड़ाने की धमकी:** यह छठी बार है, जब पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विजय कुमार,का कहना है कि, 'पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुबह से ही कोर्ट को बंद कर दिया गया है। अभी कोई भी अधिकारी परिसर के भीतर नहीं जा रहे हैं। हम लोग भी बाहर आ गए हैं।यहां स्थिति बहुत खराब है। कोर्ट में आए अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि, ये छठी बार धमकी मिली है। लगातार इस तरह की धमकी मिल रही है।

**◆ पप्पू यादव की जमानत पर सुनवाई टली, पुलिस से भिड़े वकील, बोले- आप क्या कर रहे**

इस पर प्रशासन का कहीं कोई ध्यान नहीं है और बिना किसी सूचना के गेट बंद किया गया। हम लोग सुबह 8 बजे से आकर यहां घूम रहे हैं। कोर्ट कब खुलेगा, नहीं खुलेगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। हम लोग को सिर्फ यह कहा गया है कि अभी आप लोग अंदर न जाए। अंदर बम विस्फोट होने की संभावना है।

**एक्सपर्ट बोले- आउटलुक से संपर्क करना चाहिए:** साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट मुकेश चौधरी का कहना है कि, तुरंत आउटलुक से संपर्क कर आईपी एड्रेस हासिल करना चाहिए। आईपी एड्रेस मिलने में आमतौर पर ज्यादा समय नहीं लगता। यह मामला सीधे जान-माल की सुरक्षा से जुड़ा है। आशंका है कि धमकी देने वाला वीपीएन या प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल कर रहा हो। ऐसे मामलों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। जरूरत पड़ने पर सीबीआई के माध्यम से मामला भारत पोल तक भेजा जाना चाहिए। किसी भी समय बड़ा खतरा हो सकता है।

## पटना में एसटीएफ ने सूर्या डॉन को दौड़ाकर मारी गोली



**एजेंसी, पटना**

पटना में बुधवार को STF और अपराधियों की बीच मुठभेड़ हुई है। इस एनकाऊंटर में राजीव कुमार ऊर्फ सूर्या श्री को गोली लगी है। उसे NMCH में भर्ती कराया गया है। राजीव पर लूट, डकैती, अवैध हथियार रखने, चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त, धोखाधड़ी और शराब तस्करी समेत 24 से अधिक केस दर्ज हैं। वो खाजेकला थाना इलाके का रहने वाला है। उस पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था।

STF को सूचना मिली थी कि राजीव गायघाट इलाके में छिपा हुआ है और बड़ी वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहा है। STF और पटना पुलिस की टीम ने राजवी को घेर लिया।

**❑ पुलिस को देखते ही इनामी पिस्टल से फायरिंग करने लगा**

खुद को घिरा हुआ देखकर राजीव ने STF के जवानों पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में STF ने भी फायरिंग की। राजीव के पैर में एक गोली लगी और वो जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस और अपराधी के बीच 3 राउंड फायरिंग हुई है। उसके बाद STF की टीम ने उसे दबोच लिया। उसके पास से पिस्टल भी बरामद की गई है।

घटना के बाद पूरे गाय घाट इलाके को पुलिस ने घेर लिया है। अतिरिक्त बल की तैनाती कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मुठभेड़ के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

## उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी की नई टीम बनी

**एजेंसी, पटना**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने बिहार में संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए 40 संगठन जिलों के जिला संयोजकों और सह संयोजकों के नामों की घोषणा की है। साथ ही पार्टी के 11 प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों का भी ऐलान किया गया है। यह घोषणा आज पटना स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और विधायक आलोक कुमार सिंह ने की।

**11 प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष घोषित:** पार्टी ने सामाजिक एवं व्यावसायिक वर्गों को संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से 11 प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि इन प्रकोष्ठों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पार्टी की पहुंच मजबूत की जाएगी और मुद्दों को संगठित तरीके से उठाया जाएगा। 40 संगठन जिलों के जिला संयोजकों एवं सह संयोजकों का भी मनोनयन किया गया। इसमें भी कई जरूरी नाम हैं।

गोपालगंज- सुमेर कुशवाहा समेत अन्य 40 संगठन जिलों में संयोजक एवं सह संयोजक नियुक्त



किए गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शेष जिलों की सूची भी जल्द सार्वजनिक की जाएगी।

**संगठन विस्तार पर दिया जाएगा जोर:** प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करें, अधिक से अधिक युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ें तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि रालोमो बिहार में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रहा है और संगठनात्मक मजबूती ही इसकी सबसे बड़ी ताकत होगी।

# कदमकुआं में महिला वकील की झुलसी बॉडी मिली

**एजेंसी, पटना**

पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला वकील की झुलसी बॉडी उनके घर से मिली है। राजेंद्र नगर रोड नम्बर 2 में बॉडी पाई गई है। सूचना मिलते ही कदमकुआं थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। मृतक की पहचान इंदिरा लक्ष्मी उम्र 60 साल के तौर पर हुई है। वह पटना हाई कोर्ट और सिविल कोर्ट दोनों जगह प्रैक्टिस करती थीं। बताया जा रहा है कि उनके पति रांची में रहते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला वकील के पति और दूसरे परिजन पोस्टमॉर्टम रूम पहुंच गए हैं।

**संदिग्ध परिस्थिति में मौत:** जानकारी के मुताबिक, घटनास्थल से किरोसिन, माचिस, एक दिया मिली है। गेट चारों तरफ से बंद था। मुख्य दरवाजे पर ताला लगा था, जो दोनों तरफ से खुल सकता है। सुबह केयर टेकर महिला ने महिला वकील को जली अवस्था में बॉडी देखी थी। केयर टेकर के मुताबिक, रात में 12 बजे तक



बरामदे में बैठी थीं। एक फरवरी को रांची में पति के पास से लौटकर पटना आई थी। इसके बाद प्रैक्टिस के लिए भी नहीं जा रही थीं। कदमकुआं DSP राजेश रंजन ने बताया कि, 'लगभग 7.40 बजे सूचना मिली कि कदमकुआं रोड नम्बर दो में राजेंद्र नगर में एक महिला अपने घर में जल गयी हैं। पुलिस टीम वहां गई तो पाया कि महिला अपने घर में निचले तले में अकेले रहती थी और बरामदे में बाहर उनका शव जले हालत में पड़ा था।' जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उनके पति रांची में रहते हैं और उनके एक लड़की है, जो दिल्ली में रहती है। उनके पीछे एक केयर टेकर के रूप में महिला रहती है। उनके फ्लैट के ऊपर देवर रहते हैं, जो सुबह उठे थे तो उन लोगों ने शव जली हालत में देखा।

**मग में मिला किरोसिन तेल, घर पर रहती थी अकेली- पुलिस:** DSP राजेश रंजन ने बताया कि, महिला का 65 वर्ष की थी। वह अधिवक्ता के रूप में काम करती थीं

**❑ पटना हाई कोर्ट, सिविल कोर्ट में करती थीं प्रैक्टिस, रांची में रहता है पति**

और अकेली ही रहती थीं। जांच के क्रम में वहां पर FSL की टीम द्वारा बताया गया कि वहां एक मग में कुछ किरोसिन तेल पाया गया। लगता है कि राशन तेल बॉडी पर डाला था। टीम जांच के बाद ही प्रतिवेदन देगी।

**वकीलों ने की जांच की मांग:** घटना की जानकारी मिलने के बाद पटना सिविल कोर्ट के वकीलों में भी शोक है। अधिवक्ता ऋषिकेश नारायण ने इस घटना पर दुःख जताया है। साथ ही साथ मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, जिस घर से शव बरामद किया गया है, वह बिल्डिंग काफी पुरानी है। G+1 की बिल्डिंग है। घटना के वक्त दूसरे फ्लैट में रेंटर और कुछ परिवार के लोग भी थे। महिला ग्राउंड फ्लैट में रहती थीं।

# कोहरे के चलते पेड़ से टकराई बाराती बस, 3 की मौत, सुपौल में घना कोहरा, जीरो विजिबिलिटी

**एजेंसी, पटना**

समस्तीपुर, नालंदा समेत कई जिलों में सुबह-सुबह धूप निकली है। वहीं सुपौल में घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी जीरो है। कोहरे की वजह से 4 ट्रेनें लेट चल रही हैं, जबकि पाटलिपुत्र एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। कुहासे की वजह से मोतिहारी में सड़क हादसा हो गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। बारात में शामिल होने जा रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वह करीब 20 मीटर दूर जा गिरा। मृतकों की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के विनोद प्रसाद(55), उनके चचेरे भाई अनिल प्रसाद(35) और उपमुखिया गजेंद्र दास(40) के रूप में हुई है। ये तीनों एक ही गांव के

**पटना से चलने वाली 4 ट्रेनें लेट, 1 कैंसिल**



निवासी थे।

**ऐसा मौसम क्यों बना हुआ है- क्या है कारण:** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस समय बिहार में शुष्क मौसम बनने की सबसे बड़ी वजह पश्चिमी विक्षोभ की कमजोर स्थिति और बारिश की गतिविधि का कम होना है। जब बादल और बारिश कम होती है तो दिन में धूप ज्यादा निकलती है और तापमान बढ़ने लगता है। विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह से उत्तर भारत में मौसम सामान्य होना शुरू हो जाता है, क्योंकि सूर्य की गर्मी बढ़ने लगती है और दिन बड़े होने लगते हैं। इसी कारण दिन में तापमान बढ़ता है जबकि सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रहती है।

**मौसम वैज्ञानिक बोले- फिलहाल नहीं बदलेगा मौसम:** मौसम विभाग के मुताबिक बिहार में आने वाले दिनों में बड़े मौसम बदलाव की संभावना कम है। राज्य में अगले कुछ दिनों तक शुष्क मौसम रहने और हल्के कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना जताई गई है।

**अगले 7 दिनों तक कैसा रहेगा मौसम:** मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार अगले एक सप्ताह तक बिहार में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। अधिकतर जिलों में बारिश की संभावना कम रहेगी। सुबह हल्का कोहरा संभव, दिन में धूप और हल्की गर्माहट के साथ रात में हल्की ठंड महसूस हो सकती है।

# वेलेंटाइन डे पर पटना में विशेष निगरानी की मांग

**एजेंसी, पटना**

हिंदू शिवभवानी सेना ने 14 फरवरी वेलेंटाइन डे को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की मांग की है। संगठन ने कहा है कि पार्कों, कॉलेज परिसरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वेलेंटाइन डे के नाम पर किसी भी प्रकार की अश्लीलता या फूहड़ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि वेलेंटाइन डे के बहाने कुछ लोग समाज में गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**अश्लील गतिविधियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई:** लव कुमार सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि, यदि 14 फरवरी को सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील



गतिविधियां करते हुए लोग पाए गए तो संगठन सामाजिक और नैतिक स्तर पर उसका प्रतिकार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद यदि कोई सामाजिक मर्यादा का उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। हर साल वेलेंटाइन डे को लेकर शहर के प्रमुख पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई जाती है। वेलेंटाइन डे को लेकर कई सामाजिक संगठनों की सक्रियता भी बढ़ गई है। कुछ संगठन इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताते हुए विरोध करते हैं।

# राजद ने सीएम नीतीश कुमार को बताया 'जिंदा लाश'

**एजेंसी, पटना**

बिहार की राजनीति में एक बार फिर सोशल मीडिया वॉर तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) और जनता दल यूनाइटेड (JDU) के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिल रही है। दोनों दलों ने अपने X अकाउंट से एक-दूसरे पर कड़े शब्दों में हमला बोला है। पहले RJD ने X पर पोस्ट किया, जिंदा लाश कुछ समय और अगर गद्दी पर बैठा रहा तो बिहार जिंदा मुर्दा हो जाएगा। इससे जवाब में JDU ने भी पोस्ट किया- 'काश ऐसा 'लाश' तुम्हारा बाप होता, कम से कम बिहार अपना अस्तित्व तो न खोता।' 9 फरवरी को विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 'लड़की'



कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा 'ये जो लड़की है, इसका क्या है? इसको कुछ आता है? ई कोई काम की है? इसके पति हट गए, तो कुछ दिन बाद इसी को मुख्यमंत्री बना दिया गया। ई लोग 15 साल तक कुछ काम नहीं किए और आज बोल रहे हैं। ये कोई तरीका है? ई लोग फालतू हैं। इन पर तो एक्शन लिया जाना चाहिए।' नीतीश कुमार ने आगे कहा- 'ये लोग आज तक कुछ किए ही नहीं, तो यहां आकर क्यों खड़े हो रहे हैं? जो लोग पहले सरकार में थे, क्या उन्होंने कोई काम किया? कुछ नहीं किया।

# पटना नगर निगम अप्रैल से होगा डिजिटल, ई-ऑफिस लागू होने के बाद पूरा सिस्टम होगा पेपरलेस

**एजेंसी, पटना**

पटना नगर निगम अब अप्रैल से पूरी तरह से डिजिटल हो जाएगा। पटनावासियों को बेहतर सुविधा देने और ऑफिस के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए निगम प्रशासन ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने जा रहा है। इसके लिए फाइलों की स्कैनिंग तेज हो गई है। इसके साथ ही मुख्यालय में आम जनता की सुविधा के लिए दो स्पेशल हेल्प डेस्क के काउंटर भी खुलेंगे। यहां नागरिकों की हर समस्या का समाधान आसानी से होगा।

**फाइलें डिजिटल होने से ऑनलाइन ट्रैकिंग आसान होगी:** अभी छोटी सी जानकारी




या समस्या के समाधान के लिए भी लोगों को सीधे अधिकारियों के चेंबर तक जाना पड़ता है। इससे अधिकारियों के रूटीन काम प्रभावित होते हैं। जनता को भी यह पता नहीं चल पाता कि उनका काम किस खिड़की पर होगा। एक काउंटर जो लंबे से समय से कार्यरत नहीं था, उसे शुरू कर दिया गया है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि, 'ई-ऑफिस से कामकाज में पारदर्शिता आएगी। सभी फाइलें अब डिजिटल होने से ऑनलाइन ट्रैकिंग आसान हो जाएगी।'

**ई-ऑफिस लागू होते ही**

**फाइलों की हो रही स्कैनिंग**

**पूरा सिस्टम होगा पेपरलेस:** निगम के अधिकारियों ने बताया कि ई-ऑफिस की सुविधा अप्रैल महीने से शुरु होगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सभी काम डिजिटाइज्ड कर दिए जाएंगे। ई-ऑफिस एक ऐसा माध्यम है जो सरकारी कामकाज को सरल, प्रभावी और जवाबदेह बनाता है। वर्तमान में पटना नगर निगम में फाइलों का प्रबंधन मैन्युअल तरीके से होता है, जिससे किसी काम के पूरा होने में वक्त लगता है। ई-ऑफिस लागू होने के बाद पूरा सिस्टम पेपरलेस हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रेत परिवहन पर कुसमी पुलिस का शिकंजा ट्रैक्टर सहित 6 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त



**लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरोः सीधी।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को रेत सहित पकडक़र जब्त किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर देर रात की गई, जिससे क्षेत्र में खनिज माफियाओं के बीच हडक़ंप मच गया। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार सीधी जिले के कुसमी पुलिस को सूचना मिली थी कि गोपट नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अरूणा द्विवेदी के निर्देश पर पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई और संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने रास्ते में एक ट्रैक्टर को रोककर जांच की, जिसमें रेत लदी पाई गई। जहां वाहन चालक की पहचान राजेश सिंह, पिता कल्याण सिंह गोंड़ के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान चालक ने बताया कि वह गोपट नदी से रेत लेकर टमसार छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य के लिए जा रहा था। हालांकि, चालक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए गए, जिसके चलते पुलिस ने इसे अवैध परिवहन मानते हुए ट्रैक्टर और रेत को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस के अनुसार जब्त ट्रैक्टर एवं रेत की कुल अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख 5 हजार रुपये आंकी गई है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2) एवं 317(5) के तहत तथा 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूरी कार्रवाई में एएसआई नंद प्रकाश सिंह, कमलेश प्रजापति, आरक्षक दिनकर द्विवेदी एवं चूड़ामणि सिंह की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और सूझबूझ की प्रशंसा की है। कुसमी थाना पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ एक सशक्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### गुजरात के राज्यपाल ने सोनीपत में बहन के निधन शोक जताया

**लोकतंत्र की शान, सोनीपत।** गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपनी धर्मपत्नी दर्शना देवी सहित बुधवार को उपमंडल के गावं सिवानका में पहुंच कर अपनी बहन स्वर्गीय श्रीमती ओमी देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। स्वर्गीय ओमी देवी (78) पत्नी हुकुम चंद का निधन छह फरवरी को हृदयाघात के कारण हो गया था। ओमी देवी का जन्म जिला पानीपत के गांव पावटी में लहरी सिंह एवं लक्ष्मी देवी के घर हुआ था। ओमी देवी के चार लड़के व एक लड़की (पांचों शादीशुदा) संतान हैं। इस अवसर पर एसडीएम गोहाना का अतिरिक्त कार्यभार प्राप्त एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, बीडीपीओ परमजीत रंगा, गोहाना भाजपा अध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, अनूप मलिक, पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी कपूर नरवाल, सरपंच सिवानका बिजेन्द्र सिंह, शोक संतप्त परिवार के साथ गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

### हिसार : विभिन्न संगठनों के राष्ट्रव्यापी बंद को कांग्रेस देगी पूरा समर्थन : बृजलाल

**लोकतंत्र की शान, हिसार।** केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की जा रही ट्रेड डील और जनविरोधी आर्थिक नीतियों के विरोध में 12 फरवरीको आयोजित राष्ट्रव्यापी बंद को कांग्रेस पार्टी पूर्ण समर्थन देगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक इस बंद में अपनी एकजुटता दर्ज कराएंगे। जिला अध्यक्ष ग्रामीण बृज लाल बहबलपुरिया ने बुधवार को बताया कि कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील से देश के किसानों, छोटे व्यापारियों और मजदूर वर्ग के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। यह समझौता स्थानीय उद्योगों, कृषि क्षेत्र और छोटे कारोबारियों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है, जिससे रोजगार और आर्थिक सुरक्षा पर भी असर पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी मजबूती से उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी बंद मजदूर संगठनों और किसान संगठनों द्वारा देश के हितों की रक्षा और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का एक लोकतांत्रिक प्रयास है। कांग्रेस पार्टी इस आंदोलन का समर्थन करते हुए जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 12 फरवरी को मधुबन पार्क, हिसार में सभी कांग्रेसजन एकत्रित होंगे और केंद्र सरकार की नीतियों तथा अमरीका के साथ की जा रही ट्रेड डील के विरोध में एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे।

# घर से नाराज होकर नागपुर गई नाबालिग किशोरी दस्तयाब

» पुलिस ने सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा
» थाना जमोड़ी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे दस्तयाबी अभियान के तहत थाना जमोड़ी पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने अथक प्रयासों से एक गुमशुदा नाबालिग किशोरी को नागपुर महाराष्ट्र से सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत दिनों थाना जमोड़ी क्षेत्र अंतर्गत एक पीडि़त परिजन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों ने अपने स्तर पर सगे संबंधियों और आसपास काफी खोजबीन की, किंतु किशोरी का कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की थी, जिस पर थाना जमोड़ी में तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी नें उनि वर्षा यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र की मदद से पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि नाबालिग लडक़ी नागपुर में अपने किसी मित्र के पास है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए किशोरी से संपर्क स्थापित किया गया और उसे समझाइश देकर वापस जिला सीधी बुलाया गया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वह माता-पिता द्वारा दी गई डांट से नाराज थी, जिसके कारण वह बिना बताए नागपुर काम की तलाश में चली गई थी। पुलिस द्वारा वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत किशोरी को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी संतान को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने सीधी पुलिस के प्रति गहरा आभार प्रकट किया है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, उनि वर्षा यादव, प्रधान आरक्षक गुरु प्रसन्न एवं आरक्षक अभिषेक का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## विशाल आभार रैली में शामिल होने 20 फरवरी को विजयराघवगढ़ आयेंगे डॉ मोहन यादव

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी।** विजयराघवगढ़ पूर्व मंत्री लोकप्रिय (जन सेवक) विधायक संजय पाठक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर पिछले दिनों उनकी अध्यक्षता में कैबिनेट से स्वीकृत हुई 50 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने वाली दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए क्षेत्र की संपूर्ण जनता की ओर से आभार जताया उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से विजयराघवगढ़ विधानसभा की जनता और किसानों की ओर से विजयराघवगढ़ आने और जनता की ओर से आभार धन्यवाद स्वीकार करने के लिए आमंत्रित किया। जिसपर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आगामी 20 फरवरी शुक्रवार को विजयराघवगढ़ विधानसभा में आने एवं किसानों द्वारा आयोजित सिंचाई की परियोजना देने के आयोजित आभार रैली में शामिल होकर किसानों व जनता की खुशियों में भागीदार बनने की इच्छा जताई।

## थाना कोतवाली पुलिस की सख्त कार्रवाई

**नो पार्किंग जोन में खड़े 40 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 20,000 समन शुल्क वसूल**

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनीः** यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं आम नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के नो पार्किंग जोन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नो पार्किंग जोन में अवैध रूप से खड़े कुल 40 वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में कुल 20,000/- समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को नियमों का पालन करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की समझाइश भी दी गई। थाना कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़ा न करें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें।

## चुरहट कांग्रेस नगर अध्यक्ष बने सुखनंदन सोनी

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो



**सीधी :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की स्वीकृति और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जारी इस सूची में चुरहट नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद की कमान समाजसेवी सुखनंदन (भैया) सोनी को सौंपी गई है। सुखनंदन सोनी क्षेत्र में लंबे समय से सामाजिक तथा युवा–केन्द्रित गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वे वूशु मार्शल आर्ट एसोसिएशन सीधी के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में सीधी परंपरागत लाठी एसोसिएशन का नेतृत्व कर रहे हैं। युवाओं को खेल, संस्कृति और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने में उनके योगदान को स्थानीय स्तर पर विशेष सराहना मिलती रही है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई। बधाई देने वालों में चुरहट नगर परिषद अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, अजय पाण्डेय उपाध्यक्ष नगर परिषद चुरहट, विजय गुप्ता, रतिभान सिंह पटेल, नगर परिषद चुरहट के कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि रामाकांत पाण्डेय, अहमद रजा, राजकरण नामदेव, बसंत लाल गुप्ता, दीपक नामदेव, संजय सिंह संजू, संजय विश्वकर्मा, आलोक कुशवाहा, उमेश पटेल पडखुरी, मोनू खान, प्रसून जयसवाल, प्रसंत सिंह जानू, राहुल गुप्ता, जगजीवन लाल गुप्ता, अशोक पाल, ऋषि पाण्डेय, राहुल रविशंकर सोनी, मोनू, अजय सोनी, संतोष सोनी, अशोक सोनी, रघुनंदन पटेल बेटउ, उमेश अवधिया, स्वामी शरण परौहा, प्रदीप पंडित, डॉ. रजनीश पटेल, पदमाकर सिंह लीला बाती केवट अवध लाल केवट जग्यलाल कोल सूरज साकेत दिनेश बंसल सहित अनेक नागरिक शामिल हैं।

## महानगरों की तर्ज पर व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त चौपाटी का कराएं निर्माण, चौपाटी निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी।** किसी भी शहर की पहचान में स्थानीय चौपाटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चौपाटी का निर्माण बार-बार संभव नहीं होता, इसलिए इसके निर्माण में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाना आवश्यक है। चौपाटी को व्यवस्थित, सुविधायुक्त एवं नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए तथा इसमें अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को भी समाहित कर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त निर्देश नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मंगलवार शाम निर्माणाधीन नवीन चौपाटी के स्थल निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा, सहित संविदाकार एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्रीमती परिहार ने चौपाटी निर्माण की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन करते हुए स्थल पर निर्मित कराई गई कुल संरचनाओं एवं चौपाटी के अन्य विकास कार्यो हेतु रिक्त स्थल पार्किंग स्थल, बैठक व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण किया जाकर पार्किंग की व्यवस्था चौपाटी परिसर के बाहर समीप के अन्यत्र उचित स्थल पर करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि चौपाटी परिसर को इंदौर की छप्पन एवं जयपुर की चौपाटी की तर्ज पर अलग अलग सेक्शन वार सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए। उन्होंने फूड स्टॉल्स की नियोजित व्यवस्था, बैठने की समुचित सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही, चौपाटी को पारिवारिक एवं सुरक्षित वातावरण के साथ विकसित करने पर जोर दिया, जिससे नवीन चौपाटी नागरिकों के लिए एक आकर्षक एवं सुविधाजनक स्थल बन सके। निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान दीनदयाल रसोई ,रोटी कुटी एवं पूर्व स्थापित चौपाटी के रिक्त परिसर का निरीक्षण कर हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यो के स्थलों की जानकारी लेने तथा जिला चिकित्सालय, मुड़वारा स्टेशन, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड सहित चैपाटी आनें वाले लोगों को वाहन खड़ा करनें की सुविधा के मद्देनजर मल्टी-लेवल पार्किंग हेतु क्षेत्र में उचित स्थल का चयन करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत

**सिहावल पुलिस चौकी के मेढ़ौली गांव की घटना**

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो



**सीधी।** जिले के सिंहावल पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मेढौली गांव में सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। हादसे में 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने सड़क किनारे खड़ी महिला को टक्कर मार दी थी। जानकारी के अनुसार मेढौली गांव निवासी सुलेखा बानो 66 वर्ष पति बसीरुद्दीन सड़क किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान अमिलिया थाना अंतर्गत सिहावल चौकी क्षेत्र से गुजर रही एक बोलेरो वाहन ने उन्हें कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुलेखा बानो ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो वाहन तेज रफ्तार में था और चालक ने नियंत्रण खो दिया था। दुर्घटना में शामिल बोलेरो का पंजीयन क्रमांक एमपी 53 जेड ए 6441 बताया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही सिहावल चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है। चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## त्योहार शांति से मनाएं, माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी सख्तीः सीओ आलोक कुमार भाटी (आईपीएस) व सुधीर पवार


**हज़रत नगर गढ़ी।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना हज़रत नगर गढ़ी परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी आईपीएस की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी सुधीर पवार के नेतृत्व में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**सम्भल/सिरसी** थाना हजरत नगर गढ़ी बैठक में सीओ आलोक कुमार भाटी (आईपीएस) ने स्पष्ट रूप से कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न कराए जाएं। किसी भी प्रकार की नई परंपरा न डाली जाए तथा सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ अपने-अपने त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी सुधीर पवार ने भी सख्त संदेश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर एसएसआई सत्यदेव सिंह, उपनिरीक्षक एवं चौकी प्रभारी सिरसी मोहम्मद शाह फैसल, चौकी प्रभारी फतुल्लागंज सहित पूर्व चेयरमैन मार्केटिंग संभल एवं समाजसेवी चौधरी मोहम्मद फैजान अली, मुतवल्ली सीरत उरूज आलम, चेयरमैन प्रतिनिधि समर अब्बास, सभासद कायमुद्दीन, सभासद साहिर किदवई, सभासद इरफान हैदर, सलमान अब्बास उर्फ दानिश बराई, पूर्व प्रधान कमरुद्दीन, समाजसेवी देवेंद्र सिंह फौजी हजरत नगर गढ़ी के प्रधान प्रतिनिधि तौकीर अहमद तिरमल सैनी सभासद् पति भूकंन सैनी। सभासद इनामुल हक सभासद हाशिम अली समेत थाना क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाना रहा, जिसमें पुलिस प्रशासन की सक्रियता और सजगता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## दस रुपए के लेन-देन में चाकू से हुआ हमला, मामला पंजीबद्ध



**युवक जिला चिकित्सालय में भर्ती, पुलिस कर रही जांच**

लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो

**सीधी।** शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत कन्या कॉलेज के पास ठेले में चाउमीन की दुकान लगाने वाले व्यापारी द्वारा एक युवक के साथ हमला किया गया। इस मामले पीडि़त जिला चिकित्सालय में भर्ती हैं। वहीं दूसरे पक्ष से भी मारपीट की शिकायत करने की जानकारी मिली है। वह भी अस्पताल में भर्ती हुआ है। जानकारी के अनुसार कन्या कॉलेज के सामने अवैध ठेले हरदम लगते हैं। जहां कि लडक़े-लड़कियों की भीड़ रहती है। इसी मामले में दोपहर विवाद हुआ। जिसमें 10 रुपए के चक्कर में ठेला व्यवसायी एवं एक युवक के साथ मारपीट की घटना हुई। जिसमें व्यवसायी द्वारा युवक पर चाकू से हमला करने की जानकारी मिली है। फिलहाल दोनो के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार अंशू पाठक पिता श्रीकांत पाठक 19 वर्ष निवासी पुलिस लाइन अपने साथियों के साथ कन्या महाविद्यालय के सामने ठेले में चाउमीन खाने गया था। उसने गलती से 20 की जगह 30 रुपए फोन में डाल दिया। बस इसके बाद 10 रुपए के चक्कर में दुकानदार रावेन्द्र साहू पिता गुलाब निवासी करवाही के बीच विवाद निर्मित हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि चाकू तक चला। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### गोमती ठेला वालो का कब्जा

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के सामने सड़क के दोनों छोर पर गोमती एवं ठेला वालों का कब्जा बना हुआ है। हालात यह है कि कन्या महाविद्यालय होने के चलते इन्हीं गोमती व ठेला के आड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा सुबह से ही लगा रहता है। इस संबंध में कई बार स्थानीय प्रशासन को सूचित भी किया गया लेकिन इन्हें हटाने की कार्यवाही आज तक नहीं की गई। आज बुधवार को अचानक शुरू हुई चाकू बाजी से कॉलेज आने जाने वाली छात्राओं के अंदर इस घटना डर साफ दिखाई दे रहा था। वहीं महाविद्यालय प्रबंधन की मानें तो उनके द्वारा गोमती ढेला हटाने के लिए कई बार स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके चलते परिसर के आसपास लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इनका कहना है। दोनों पक्ष से शिकायत आई है। जिसमें दोनो पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज होकर मेडिकल किया गया है। इस मामले में जो भी दोषी होंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी। अभिषेक उपाध्याय नगर निरीक्षक कोतवाली।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रांसीसी टीचर ने 89 नाबालिगों के साथ रेप किया

**पेरिस।** फ्रांस में एक 79 साल के रिटायर्ड शिक्षक पर 1960 के दशक से 2022 तक 89 नाबालिगों के साथ रेप और यौन शोषण करने का आरोप लगा है। फ्रांस के ग्रेनोबल शहर में अभियोजक एटिएन मंटो ने मंगलवार को इस केस को सार्वजनिक करते हुए पीड़ितों से आगे आने की अपील की। न्यूज एजेंसी AP की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी का नाम जैक लेवुग्ल है। अभियोजक के अनुसार जैक लेवुग्ल ने 1967 से 2022 के बीच भारत, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, मोरक्को, नाइजर, अल्जीरिया, फिलीपींस, कोलंबिया और फ्रांस में नाबालिगों के साथ यौन अपराध किए। वह फ्रेंच भाषा के शिक्षक और गुफा अध्ययन (स्पेलियोलॉजी) के ट्रेनर के रूप में काम करता था। साथ ही सभी जगह जाकर युवाओं से मिलता था और उनके साथ यौन संबंध बनाता था। पीड़ितों की उम्र 13 से 17 साल के बीच बताई गई है। आरोपी रिटायर्ड शिक्षक 2024 में आरोप तय होने के बाद से हिरासत में है। आरोपी ने अपनी बीमार मां और बुजुर्ग मौसी की हत्या की बात भी कबूल की है। मामला तब सामने आया, जब आरोपी के भतीजे को उस पर शक हुआ। भतीजे ने आरोपी के कमरे की तलाशी ली। वहां उसे एक USB ड्राइव मिली। इस ड्राइव में नाबालिगों के साथ उसके यौन संबंधों की तस्वीरें थीं। ड्राइव में 15 हिस्सों में पूरी जानकारी लिखी गई थी। इन लेखों में उसने खुद नाबालिगों के साथ यौन संबंध बनाने की बात दर्ज की थी। जांचकर्ताओं ने इन दस्तावेजों को पढ़कर 89 नाबालिग पीड़ितों की पहचान की।

### दिल्ली में तीन लोगों के मर्डर मामले में तांत्रिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में धनवर्षा (अचानक धन लाभ) का लालच देकर तीन लोगों की जहर देकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तीन लोगों को जहर मिले लड्डू खिलाए और नकदी लेकर फरार हो गया था। यह इस मामले में पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान कमरुद्दीन उर्फ बाबा के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला है और लोनी और फिरोजाबाद में तंत्र-मंत्र का सेंटर चलाता था।



दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर के पास 8 फरवरी को एक बंद कार के अंदर तीन लोगों के शव मिले थे। मृतकों की पहचान 76 साल के रणधीर, 47 साल के शिव नरेश सिंह और 40 साल की लक्ष्मी देवी के रूप में की गई। रणधीर ड्राइवर की सीट पर और बाकी दोनों पीछे की सीट पर बैठे थे। पुलिस ने बताया कि कमरुद्दीन करीब एक साल से तीनों मृतकों के संपर्क में था। CCTV फुटेज में उसे उसी दिन कार के बगल वाली सीट पर बैठे देखा गया था। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और लोकेशन डेटा से भी घटना में उसके शामिल होने की पुष्टि हुई है। डीसीपी (आउटर) सचिन शर्मा ने बताया कि पश्चिम विहार ईस्ट थाने में 8 फरवरी को PCR कॉल आई थी। सूचना थी कि एक कार में एक महिला सहित तीन लोग बेहोश पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो ड्राइविंग सीट पर एक बुजुर्ग बैठा मिला। एक 42 साल के व्यक्ति को राहगीरों ने कार से बाहर निकाला हुआ था। करीब 40 साल की महिला कार के अंदर पड़ी थी। तीनों को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार की तलाशी में शराब की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक, खाली गिलास, मोबाइल फोन, कैश, हेलमेट, जैकेट, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मिले। तीनों मृतक बापरौला, नगली डेयरी और जहांगीरपुरी के रहने वाले थे। परिजनों ने आत्महत्या से इनकार किया और मौत की परिस्थितियों पर शक जताया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

### सरकार बोली-वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है।



उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था, जिसका इलाज किया गया है। मेहता ने कहा कि इस तरह की समस्या को अपवाद मानकर उन्हें रिहा किया गया तो आगे अन्य लोग भी इस तरह की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया था, वे अभी भी कायम हैं। इसलिए स्वास्थ्य कारणों से रिहाई संभव नहीं है और ऐसा करना सही भी नहीं होगा। 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 150 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, गर्भवती महिला का रेस्क्यू

**भोपाल/शिमला/श्रीनगर/जयपुर।** मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में बुधवार के लिए कोई अलर्ट नहीं जारी किया है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला जारी है और पहाड़ी क्षेत्रों में ठंड बढ़ी हुई है। इसी बीच भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के तंगधार में फंसी एक गर्भवती महिला का रेस्क्यू किया। राजस्थान और मध्य प्रदेश में सुबह-शाम की ठंड के बीच दिन का तापमान 30°C पार पहुंच रहा है, जबकि मध्य प्रदेश के 11 जिलों में रात का पारा 10°C से नीचे रहा। राजस्थान और हरियाणा के कई जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबादी हुई। हरियाणा के 13 शहरों में अधिकतम तापमान 25°C से ऊपर दर्ज किया गया। पंजाब के लुधियाना और फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 8°C रहा। राज्य में 16 फरवरी से बारिश की संभावना है। उत्तराखंड के मुनस्यारी में तापमान माइनस 29°C तक गिर गया। जबकि गंगोत्री में पारा माइनस 23°C रिकार्ड किया गया। इधर, हिमाचल में बुधवार और गुरुवार मौसम साफ रहने का अनुमान है। जबकि 13 और 16 फरवरी को पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।

### गीजर की गैस से पति-पत्नी और बेटे की मौत

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में सोमवार-मंगलवार की रात पति-पत्नी और बेटे की नींद में ही मौत हो गई थी। प्राथमिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला है कि तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से हुई थी। पुलिस की जांच में भी सामने आया है कि घर में लगा गीजर रात भर से चालू था। हालांकि मौतों का सटीक कारण पता करने के लिए शव से ब्लड और विसरा लेकर एफएसएल भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। सोमवार की रात 40 वर्षीय सैयद फैज युसूफ अहमद, उनकी पत्नी मुबीना सैयद (36) और बेटा नोमान (12) घर में सो रहे थे। घटना का पता तब चला, जब सुबह सैयद का भाई उस्मान इनके घर पहुंचा। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उसे तोड़ दिया गया। अंदर तीनों के शव पड़े थे। परिवार की 14 वर्षीय बेटी फरहीन दादी के यहां थी, इसलिए उसकी जान बच गई। परिवार चार दिन पहले ही सऊदी अरब की धार्मिक यात्रा से लौटा था। रात में गीजर चलता छोड़ा, वेंटिलेशन नहीं होने से फैली गैस घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी राघव जैन, लालगेट पुलिस थाना के पीआई, अन्य पुलिसकर्मी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में तीनों के मुंह से झाग निकलता देख पहले जहर के सेवन की आशंका जताई गई और आत्महत्या के पहलू को खंगाला गया। उसके बाद तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्मीमेर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम की प्राथमिक रिपोर्ट में पता चला कि कार्बन मोनोऑक्साइड गैस सांस के जरिए शरीर में चली गई, जिससे दम घुटने से तीनों की नींद में ही मौत हो गई।

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोलेः मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका

# अमेरिका ने अपने फायदे के लिए हमारा इस्तेमाल किया

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।



आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है।

**आसिफ बोले- जंग को सही ठहराने के लिए एजुकेशन सिस्टम में बदलाव किएः** आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं।

उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था। 2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था।

# अमेरिका ने इंडियन मैप वाला पोस्ट हटाया

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (USTR) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में PoK और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था।

इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम




**पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था ट्रेड डील के बाद शेयर किया था**

अटकलों के बीच अब USTR ने यह पोस्ट हटा दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**PoK को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे समय से विवादः** भारत और पाकिस्तान के बीच PoK विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

# लोकसभा में रिजिजू बोले-पीएम पर आरोप लगाया, सबूत दें

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बजट सत्र के दौरान भाषण दिया। राहुल ने एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। राहुल ने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है। इसके जरिए भाजपा का फाइनेंसियल स्ट्रक्चर टूटेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को तुरंत टोका। उन्होंने कहा- आपने जो भी कहा है उसे साबित करिए, नहीं तो आपकी बात सदन के रिकॉर्ड पर नहीं जानी चाहिए। इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं। हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। उन्होंने कहा- मैंने तो सबूत मांगा ही नहीं है। आप बोलते रहिए। बाद में साबित कर दीजिएगा।

वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में



विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे। इसपर राहुल गांधी को जवाब देना होगा। रिजिजू ने कहा कि राहुल को 5 बजे वित्त मंत्री का जवाब जरूर सुनना चाहिए।


आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है। आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे. हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। दुनिया में जियोपॉलिटिकल टकराव बढ़ रहा है। यह युद्ध का दौर है। गाजा, यूक्रेन को देख लीजिए। ऑपरेशन सिंदूर भी चल रहा है। भारत की सभी IT कंपनियां संघर्ष कर रही हैं।

# कनाडा के स्कूल में गोलीबारी, शूटर समेत 9 की मौत, 25 घायल, स्कूल में 175 स्टूडेंट पढ़ते हैं

एजेंसी, ओटावा

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज शहर में मंगलवार को एक हाईस्कूल में गोलीबारी हुई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस घटना में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। अभी तक ये जानकारी नहीं आई है कि मरने वालों में कोई छात्र है या नहीं। स्कूल को एहतियातन बंद कर दिया गया है। इलाके के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि हालात काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग अपने परिवार वालों को ढूंढने के लिए बाहर निकल आए हैं, वे घर लौट जाएं। वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस गोलीबारी के बाद अपना जर्मनी दौरा रद्द कर दिया है। सरकारी वेबसाइट के मुताबिक, हादसे वाले टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में 7 से 12 क्लास तक के कुल 175 छात्र पढ़ते हैं।

**संदिग्ध महिला ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कीः** रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) ने बताया कि संदिग्ध एक महिला थी,



जिसने स्कूल ड्रेस पहन रखी थी और उसके बाल भूरे थे। उसका शव स्कूल के अंदर मिला। पुलिस का मानना है कि उसने खुद को गोली मारी है। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट (भारतीय समयानुसार रात करीब 2 बजे) पर स्कूल में गोलीबारी की खबर मिली थी। जब अधिकारी हाई स्कूल पहुंचे तो वहां छह लोग मृत मिले। एक अन्य घायल की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इसके अलावा, पास के एक घर में दो और लोगों के शव मिले। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों के

**पीएम कार्नी ने जर्मनी दौरा रद्द किया**

लिए संवेदना जताई और राहतकर्मियों की तारीफ की।

**छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गयाः** हमलावर के अलावा छह और लोग स्कूल के अंदर मृत मिले। दो घायलों को गंभीर हालत में हेलीकॉप्टर से अस्पताल भेजा गया। एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। करीब 25 लोगों को हल्की चोटों के साथ स्थानीय मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस अधिकारी केन फ्लॉयड ने बताया कि स्कूल से लगभग 100 छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं है। ब्रिटिश कोलंबिया की पब्लिक सेफ्टी मंत्री और सॉलिसिटर जनरल नीना क्रिगर ने इस गोलीबारी को 'दिल दहला देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों की मदद के लिए हर संभव मदद करेगी। क्रिगर ने कहा कि RCMP ने टम्बलर रिज में जारी इमरजेंसी अलर्ट खत्म कर दिया है।

# राजस्थान-शादी से लौट रहे दोस्तों की कार टकराई, 6 मौत

एजेंसी, दौसा

राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे।ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ।

**कार को क्रेन से खींचकर बाहर निकालाः** ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई।

**सभी युवक एक ही गांव के रहने वालेः** हादसे में समय सिंह (25) पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश (24) पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश (24) पुत्र बनवारी योगी, मनीष (23) पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित (26) पुत्र लालाराम बैरवा और नवीन (23) की मौत हो गई।



**अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार किया, जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट**

पुलिस के अनुसार कार सवार सभी कालाखो (दौसा) गांव के रहने वाले हैं। वे मंगलवार को आभानेरी गांव में शादी-समारोह में शामिल होने गए थे।

# मोहाली में 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी चंडीगढ़-पंजाब के बम स्क्वॉड से जांच

एजेंसी, मोहाली

मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है।

सुबह 8.50 बजे स्कूल खुलने थे, इससे पहले ही मेल पहुंच गई। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्टी कर दी गई। स्कूल मैनेजमेंट्स ने पेरेंट्स को अर्जेंट मैसेज भेजकर अपने बच्चों को घर ले जाने को कहा। इसके अलावा स्कूल बसों को भी गेट से ही लौटा दिया गया। बच्चों को स्कूल के अंदर एंट्री नहीं दी गई।

बम धमकी का पता चलते ही मोहाली पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई। तुरंत बम स्क्वॉड की टीमें लेकर पुलिस फोर्स स्कूलों में पहुंच गई। स्कूल के आसपास का पूरा इलाका सील कर दिया गया। जिसके बाद पूरे स्कूल को खाली करवाकर पुलिस की टीमें जांच के लिए अंदर भेजी गईं। डीएसपी सिटी हरसिमरन बल खुद लर्निंग पाथ स्कूल पहुंचे। जबकि डीएसपी सिटी वन पृथ्वी चहल



पैरागॉन स्कूल पहुंचे। पुलिन सभी स्कूलों को सील कर दिया और अंदर जांच की जा रही है। किसी को भी गेट से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। मोहाली के SSP हरमनदीप हंस ने कहा कि स्कूलों में जांच के लिए मोहाली के अलावा फतेहगढ़ साहिब, रोपड़ और चंडीगढ़ से भी बम निरोधक दस्ते बुलाए गए हैं।

इस बारे में मोहाली की जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) गिन्नी दुग्गल ने कहा कि अभी तक 10 स्कूलों को धमकी का पता चला है। इनमें पैरागॉन, लर्निंग पाथ, माइंड ड्री, जीडी गोयनका, विवेक स्कूल, इंडस भी शामिल हैं। इनमें छुट्टी करा दी गई। बाकी स्कूलों को भी अपनी ई-मेल चेक करने को कहा गया है।

# होटल में गर्लफ्रेंड की गर्दन काटकर हत्या, कमरे में मिली अर्धनग्न लाश

## आंखों पर पट्टी बंधी; बॉयफ्रेंड अरेस्ट, मां बोली- परेशान करता था

एजेंसी, अबोहर

फाजिल्का जिले के अबोहर में मलोट रोड पर ट्रक यूनियन के पास स्थित एक होटल में 17 साल की लड़की की हत्या कर दी गई। उसका शव होटल के कमरे में खून से लथपथ पड़ा मिला। युवती की गर्दन तेजधार हथियार से काटी गई। लड़की का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला और उसकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी। होटल कर्मियों ने बताया कि लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल में पहुंची थी। हालांकि, युवक करीब आधे घंटे बाद ही होटलकर्मियों को जोमैटो से खाना ऑर्डर करने का बहाना लगाकर वहां से निकल गया।

पुलिस देर रात तक होटल में जांच करती रही। लड़की की शिनाख्त के बाद उसकी डेडबॉडी वहां से उठाकर मॉर्च्युरी पहुंचाई गई। सीटी-1 थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी सचिन निवासी रामकोट के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अब लड़की के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। उधर, मृतका के परिजनों ने कह कि आरोपी युवक बेटी को पहले से ही परेशान करता था।


**शाम 5 बजे लड़की होटल आईः** होटल कर्मियों के अनुसार, लड़की मंगलवार शाम करीब 5 बजे अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल पहुंची थी। इसके बाद लगभग साढ़े 5 बजे युवक कमरे से निकला और जोमैटो से खाना ऑर्डर करने का बहाना बनाकर होटल से बाहर चला गया। फिर वह वापस नहीं आया। शाम करीब 7 बजे तक कमरे से कोई हलचल न होने पर कर्मियों को शक हुआ।

# भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को और राहत, दाल और 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी/नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है। पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है।

सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज



से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए 'कमिटेड' है। अब इसे बदलकर 'इरादा रखता है' कर दिया गया है।

**डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका के रुख में नरमीः** नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा। अब सिर्फ इतना लिखा है कि भारत डिजिटल ट्रेड के नियमों पर बातचीत के लिए तैयार है। अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25% टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है। इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस आधिकारिक जानकारी के मुताबिक 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह ट्रम्प को दोबारा 25% पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है।

# डिजिटल युग में अफवाहें-पेड प्रमोशन और डर आधारित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी?लोकतंत्र, जनस्वास्थ्य और वैश्विक स्थिरता के लिए बढ़ता खतरा-फेक न्यूज एक्ट 2026 बनाने की तात्कालिक आवश्यकता

लोकतंत्र की शान

» डिजिटल युग में मिसिंग पर्सन्स की अफवाहें- भय,तथ्य, कानून और लोकतंत्र पर मंडराता संकट

» भारत सहित पूरे विश्व में अफवाहों और फेक न्यूज़ का संकट भी तेजी से बढ़ाना एक चुनौती- समाज, लोकतंत्र और मानव जीवन को गंभीर नुकसान -फेक न्यूज़ एक्ट 2026 बनाना जरूरी -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र






**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर इक्कीसवीं सदी का डिजिटल युग सूचनाओं की अभूतपूर्व शक्ति लेकर आया है।इंटरनेट सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स ने याँ को जोड़ दिया है,लेकिन इसी के साथअफवाहों और फेक न्यूज का संकट भी तेजी से बढ़ा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि पूराविश्व इस चुनौती से जूझ रहा है कि किस प्रकार झूठी,भ्रामक और जानबूझकर फैलाई गई सूचनाएँ समाज, लोकतंत्र और मानव जीवन को गंभीर नुकसान पहुँचा रही हैं।यह स्थिति अब केवल सामाजिक यानैतिक चिंता का विषय नहीं रही,बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, जनस्वास्थ्य तथा चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि अफवाहों का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि वे अक्सर सच का रूप धारण कर लेती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल होने वाली सामग्री भावनाओं को भड़काने,डर फैलाने और पूर्वाग्रह को मजबूत करने का काम करती है।भारत जैसे विविधता-पूर्ण देश में, जहाँ भाषा, धर्म, जाति और राजनीतिक मतभेद पहले से मौजूद हैं,अफवाहें सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर देती हैं। वैश्विक स्तर पर भी,अफवाहों ने नस्लीय तनाव,युद्ध जैसी स्थितियों और कूटनीतिकसंबंधों को प्रभावित किया है।फेक न्यूज़ का सबसे पहला और सबसे गहरा प्रभाव सामाजिक सौहार्द पर पड़ता है। सांप्रदायिक अफवाहें, भ्रामक वीडियो, एडिटेड तस्वीरें और संदर्भ से काटे गए बयान अक्सर हिंसा, दंगों और सामाजिकतनाव को जन्म देते हैं।भारत में बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं जहां व्हाट्सएप्प संदेशों या सोशल मीडिया पोस्ट के कारण भीड़ हिंसा,लिंचिंग और सांप्रदायिक टकराव हुए। यह दर्शाता है कि अफवाहें केवल सूचना की समस्या नहीं हैं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का संकट बन चुकी हैं।इसलिए अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अफवाहों से निपटने के लिए केवल सामान्य कानून या प्लेटफॉर्म की स्वैच्छिक नीतियाँ पर्याप्त नहीं हैं। कुछ समय पूर्व मुंबई में मिसिंग पपर्सन्स का मामला जोरशोर से उठ रहा था, मुंबई पुलिस द्वारा जारी चेतावनियों के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मिसिंग पर्सन्स की संख्या पिछले वर्षों के औसत के अनुरूप ही थी,यानें अफवाहों पर कानूनी सख्ती की चेतावनी आई,मामला वहीं शांत हो गया।अब दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स को लेकर फैली चर्चाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वास्तव में कोई असाधारण संकट है,या फिर यह डिजिटल अफवाहों द्वारा निर्मित सामाजिक भय है।दिल्ली में एक बड़ी न्यूज़ एजेंसी द्वारा यह दावा किया गया कि 2026 के पहले 15 दिनों में दिल्ली में 800 से अधिक लोग लापता हो गए। यह संख्या सुनने में भयावह लगती है,लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कितने मामले पारिवारिक विवाद, स्वेच्छा से, एग्जाम का डर, युवकों की नासमझी, लव अफेयर्स से घर छोड़ने या फ़िर गलत रिपोर्टिंग से जुड़े हैं।सोशल मीडिया पर वीडियो, ऑडियो क्लिप और भावनात्मक पोस्ट वायरल हों रहें हैं। एक बड़े नेता द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर चिंता व्यक्त किए जाने के बाद यह मुद्दा और अधिक चर्चा में आ गया।हालाँकि, जब आँकड़ों का विश्लेषण किया गया तो सामने आया कि दिल्ली में मिसिंग पर्सन्स की रिकवरी दर लगभग 77 प्रतिशत है। अर्थात, लापता घोषित किए गए लोगों में से एक बहुत बड़ा हिस्सा सुरक्षित रूप से वापस मिल जाता है।यह दर कई अंतरराष्ट्रीय महानगरों की तुलना में बेहतर मानी जाती है।मीडिया के हवाले से सुनने को मिला है कि दिल्ली पुलिस ने बताया कि हाल के अलग-अलग महीनों में मिसिंग पर्सन्स की जो संख्या बताई जा रही है वैसी ही संख्या पिछले वर्षों की औसत अवधि से भिन्न नहीं है तथा दिल्ली पुलिस के एक बड़े अधिकारी का बयान मैंने सुना उन्होंने कहा कि अफवाओं पर ध्यान ना दें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर अफवाहों का प्रभाव अत्यंत चिंताजनक है। चुनावों के दौरान फेक न्यूज मतदाताओं की सोच को प्रभावित करती है, उम्मीदवारों की छवि बिगाड़ती है और चुनावी निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। भारत में हाल के वर्षों में चुनावी समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई गई भ्रामक जानकारियाँ इसका उदाहरण हैं।कई देशों में चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप और संगठित फेक न्यूज अभियानों की पुष्टि हुई है। यदि लोकतंत्र को सुरक्षित रखना है, तो अफवाहों को केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अनदेखा नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में अफवाहों का प्रभाव और भी घातक सिद्ध हुआ है इसको समझने की करें तो कोविड-19 महामारी के दौरान दुनियाँ ने देखा कि कैसे झूठी सूचनाओं ने वैक्सीन को लेकर डर पैदा किया, इलाज के नाम पर खतरनाक घरेलू नुस्खों को बढ़ावा दिया और स्वास्थ्य प्रणालियों पर अविश्वास फैलाया।भारत सहित कई देशों में अफवाहों के कारण लोगों ने समय पर इलाज नहीं कराया, जिससे जानमाल की क्षति हुई। यह स्पष्ट है कि जब अफवाहें जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाएँ, तब उन्हें रोकना केवल नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कानूनी आवश्यकता बन जाती है।भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्मों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है।व्हाट्सएप्प फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अफवाहों के सबसे बड़े वाहक बन चुके हैं।एंड-टू-एंडएन्क्रिप्शन अनियंत्रित फॉरवर्डिंग और एल्गोरिदम आधारित कंटेंट प्रमोशन ने झूठी खबरों को पलक झपकते ही लाखों लोगों तक पहुँचा दिया है। वर्तमान भारतीय कानून, जैसे आईटी एक्ट या आईपीसी की कुछ धाराएँ, इस समस्या से निपटने के लिए अपर्याप्त साबित हो रही हैं। ये कानून अफवाहों की गति, पैमाने और जटिलता को ध्यान में रखकर नहीं बिलकुल बनाए गए थे। साथियों बात अगर हम पेड प्रमोशन और डर कीमार्केटिंग इस एंगल से समस्या को समझने की करें तोअफवाहों के पीछे केवल अज्ञानता ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक हित भी संभवतः काम कर रहे हैं।आज कई इन्फ्लुएंसर्स, पेज और चैनल जानबूझकर डरावनी सामग्री फैलाते हैं क्योंकिःइससे व्यूज बढ़ते हैं,एंगेजमेंट मिलता है पेड प्रमोशन और ब्रांड डील्स आती हैं,यह एक प्रकार की डर आधारित मार्केटिंग स्ट्रेटेजी है,जिसमें समाज की असुरक्षा को उत्पाद की तरह बेचा जाता है।कानून की सीमाएँः क्या मौजूदा प्रावधान पर्याप्त हैं?भारत में आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनों में अफवाहों से निपटने के कुछ प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन वेःविशिष्ट नहीं हैं। साथियों बात अगर हम इसी संदर्भ में,एक विशिष्ट और सख्त कानून लाने की आवश्यकता की करें तो, फेक न्यूज एक्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही है,जो अफवाहों को स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में रखे। ऐसा कानून न केवल जानबूझकर झूठी सूचना फैलाने वालों के लिए दंडात्मक प्रावधान तय करे, बल्कि यह भी परिभाषित करे कि अफवाह, फेक न्यूज और भ्रामक सूचना क्या है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समान ढाँचे की दिशा में प्रयास आवश्यक हैं, ताकि डिजिटल प्लेटफॉर्म की वैश्विक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए देशों के बीच सहयोग संभव हो सके।हालाँकि, केवल कानून बना देना ही पर्याप्त नहीं होगा। यदि नागरिक स्वयं सही और गलत जानकारी की पहचान करने में सक्षम नहीं होंगे, तो अफवाहें किसी न किसी रूप में फैलती रहेंगी। इसलिए व्यापक स्तर पर डिजिटल साक्षरता और मीडिया साक्षरता अभियानों की आवश्यकता है। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर लोगों को यह सिखाना जरूरी है कि किसी खबर की सत्यता कैसे जाँची जाए,स्रोत की विश्वसनीयता कैसे परखी जाए और भावनात्मक अपील से सावधान कैसे रहा जाए।जागरूक नागरिक ही अफवाहों के खिलाफ सबसे मजबूत ढाल बन सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों की जिम्मेदारी भी इस पूरे तंत्र में केंद्रीय है। अब यह मान लेना गलत होगा कि ये कंपनियाँ केवल मध्यस्थ हैं। इनके एल्गोरिदम यह तय करते हैं कि कौन-सा कंटेंट ज्यादा लोगों तक पहुँचेगा। इसलिए इन्हें कानूनी रूप से बाध्य किया जाना चाहिए कि वे कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत करें, फॉरवर्ड की संख्या पर सख्त सीमाएँ लगाएँ और संदिग्ध सामग्री पर त्वरित कार्रवाई करें। भारत में व्हाट्सएप्प द्वारा फॉरवर्ड लिमिट जैसी पहलें हुई हैं, लेकिन इन्हें स्वैच्छिक प्रयासों से आगे बढ़ाकर कानूनी दायित्व बनाना आवश्यक है। साथियों बात कर हम फेक न्यूज़ मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तरपर समझने की करें, इस समस्या का समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभव है। संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर फेक न्यूज और अफवाहों के खिलाफ साझा मानक तय किए जाने चाहिए। साइबर स्पेस की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती, इसलिए एक देश में फैली अफवाह दूसरे देश को भी प्रभावित कर सकती है। ऐसे में वैश्विक सहयोग,सूचना साझाकरण और संयुक्त नियामक ढाँचा समय की मांग है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि अफवाहें आज के समय में एक मौन लेकिन शक्तिशाली हथियार बन चुकी हैं, जो लोकतंत्र, जनस्वास्थ्य और सामाजिक सौहार्द को कमजोर कर रही हैं। भारत सहित पूरी दुनिया को यह स्वीकार करना होगा कि वर्तमान कानूनी और संस्थागत ढाँचे इस चुनौती के लिए अपर्याप्त हैं।एक सख्त, स्पष्ट और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण वाला कानून, मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमन और व्यापक जन-जागरूकता अभियान इन तीनों के समन्वय से ही अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो सूचना की आज़ादी का यह युग समाज के लिए सबसे बड़ा संकट बन सकता है।

**-संकलनकर्ता लेखक- कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र 9226229318**

# हक़, हुनर, और हौसलाः दिव्यांगजनों के लिए बदला बजट का नज़रिया

## केंद्रीय बजट 2026–27: दिव्यांगजनों पर 30% ज्यादा निवेश



-डाo वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी दस्तावेज़ के रूप में देखा जा रहा है। दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) के बजट में लगभग 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि न केवल आंकड़ों की बढ़ोतरी है, बल्कि यह उस बदले हुए सरकारी नज़रिये का संकेत है जिसमें दिव्यांगजन अब सहानुभूति के पात्र नहीं, बल्कि अधिकारों के साथ विकास की मुख्यधारा के साझीदार माने जा रहे हैं। वर्ष 2025–26 में 1,275 करोड़ के बजटीय प्रावधान को बढ़ाकर वर्ष 2026–27 में 1,669.72 करोड़ किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार दिव्यांगजनों के समावेशी, गरिमापूर्ण और आत्मनिर्भर भविष्य के प्रति गंभीर है। देश में दिव्यांगजन आबादी में बीते वर्षों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत दिव्यांगता की श्रेणियों को 7 से बढ़ाकर 21 किए जाने से जरूरतों का दायरा और व्यापक हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में बजट 2026–27 में घोषित 'दिव्यांग सहारा योजना' को एक निर्णायक हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है, जिसके तहत ALIMCO को आधुनिक, उच्च गुणवत्ता वाले और तकनीक-आधारित सहायक उपकरणों के निर्माण के लिए सशक्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार के मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम ALIMCO, जिसके पास ISO प्रमाणन, सात विनिर्माण इकाइयाँ और अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों का अनुभव है, अब AI-एकीकृत गतिशीलता उपकरणों, ई-ब्रेल तकनीक, श्रवण एवं संज्ञानात्मक सहायक उपकरणों के उन्नत उत्पादन की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ेगा। इसके लिए स्टार्ट-अप्स और वैश्विक तकनीकी संस्थानों के साथ अनुसंधान एवं नवाचार आधारित साझेदारियाँ भी की जा रही हैं, जिससे आयात पर निर्भरता घटेगी और ADIP जैसी योजनाओं के तहत सस्ती व सुलभ सहायता सुनिश्चित होगी। बजट में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्रों के उन्नयन और आधुनिक Assistive Technology Mart के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि अंतिम व्यक्ति तक सहायता समय पर और सम्मान के साथ पहुंच सके। इसके साथ-साथ 'दिव्यांगजन कौशल योजना' के माध्यम से कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ा गया है। यह योजना उन क्षेत्रों पर केंद्रित है जहां भविष्य की संभावनाएं सबसे अधिक हैं—जैसे हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, जिसका आकार 2030 तक 19–20 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, तेजी से बढ़ता OTT और मीडिया क्षेत्र, तथा ग्रीन जॉब्स जैसे नए अवसर। समावेशी शिक्षण पद्धति, ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के बाद सहयोग के ज़रिये यह योजना दिव्यांगजनों के लिए स्थायी आजीविका का रास्ता खोलती है।

मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बजट 2026–27 एक नया भरोसा लेकर आया है। NIMHR, NIEPID और NIEPMD जैसे संस्थानों के सुदृढ़ीकरण, न्यूरो-डाइवर्जेंट व्यक्तियों के लिए उन्नत निदान एवं पुनर्वास सेवाओं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से दिव्यांग कल्याण को नई ऊँचाई देने की तैयारी है। कुल मिलाकर, बजट 2026–27 दिव्यांगजनों के लिए रहम या रियायत का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि हक़, हुनर और हौसले के साथ आगे बढ़ने का रोडमैप है। यह बजट कल्याण से सशक्तिकरण की ओर बढ़ते भारत की उस तस्वीर को मजबूत करता है, जहां समावेशी विकास ही विकसित भारत की असली पहचान है।

# लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वासः लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा



लेखक - ललित गर्ग

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है। लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं। विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मर्यादा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मर्यादाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाज़े खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं। अंततः यह समय आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मर्यादा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है।

# धर्म, समाज और राष्ट्र की चेतना जगाने वाले स्वामी दयानंद



योगेश कुमार गोयल

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था और 12 फरवरी को उनकी जयंती मनाई जाएगी। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर बार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और एक सन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच विभिन्न प्रकार के योगों का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'सन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराईयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वे आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे।

स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस के सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, सन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

स्वामी दयानंद हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिन्दी' बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि 'मनुष्यता' और 'आत्मविवेक' क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वे एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता हैं, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है। कर्म करने को लेकर स्वामी जी तर्क देते थे कि काम करने से पहले सोचना बुद्धिमानी, काम करते हुए सोचना सतर्कता और काम करने के बाद सोचना मूर्खता है। वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग

# भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा कायम, अभिषेक और चक्रवर्ती नंबर-1 बरकरार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी द्वारा जारी ताज़ा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा कायम है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर बरकरार हैं, जबकि वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रज़ा ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में नंबर-1 बन गए हैं।

**बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा का दबदबा** – अभिषेक शर्मा 909 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर कायम हैं। उनके बाद इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (821), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (769), जोस बटलर (766) और श्रीलंका के पथुम निसंका (754) क्रमश: दूसरे से पांचवें स्थान पर हैं। रैंकिंग में अन्य खिलाड़ियों ने भी छलांग लगाई है। न्यूज़ीलैंड के टिम सीफर्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कुसल मेंडिस छह स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर हैं। स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुंसी सात पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 23वें, भारत के ईशान किशन सात स्थान ऊपर 25वें और नीदरलैंड्स के माइकल लेविट छह स्थान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**गेंदबाजों में चक्रवर्ती नंबर-1** – गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती मामूली बढ़त के साथ पाकिस्तान के अबरार अहमद से आगे शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टॉप-10 में श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें नंबर पर पहुंचने वाले एकमात्र बड़े बदलाव रहे। टॉप-10 के बाहर भी कई खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत के अर्शदीप सिंह तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। सलमान मिर्जा नौ स्थान की छलांग लगाकर 13वें, ब्रैड इवांस 16 स्थान ऊपर संयुक्त 15वें, मिचेल सैंटनर चार स्थान ऊपर संयुक्त 19वें और ब्रैडली करी 25 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**सिकंदर रज़ा बने नंबर-1 ऑलराउंडर** – ऑलराउंडर्स की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रज़ा ने एक स्थान की छलांग लगाकर नंबर-1 पोजीशन हासिल कर ली है। उन्होंने पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़ा। टी20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की शानदार शुरुआत का फायदा रज़ा को मिला। कोलंबो में ओमान के खिलाफ मुकाबले में रज़ा ने चार किफायती ओवर में 1/17 का प्रदर्शन किया और बाद में विजयी रन बनाकर टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। इस प्रदर्शन ने उन्हें दोबारा शीर्ष स्थान दिलाया, जिसे उन्होंने पहली बार पिछले साल के अंत में हासिल किया था। आईसीसी की ताज़ा रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की निरंतरता और जिम्बाब्वे के रज़ा की वापसी ने टी20 क्रिकेट में रोमांच और बढ़ा दिया है।

## टी-20 वर्ल्डकप

# साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हराया

### 6 बॉल पर 24 रन चाहिए थे, अफगानिस्तान 19 रन ही बना सका

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में टूर्नामेंट के इतिहास का पहला डबल सुपर ओवर देखने को मिला। ग्रुप-डी के इस मैच में दूसरे सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने 6 गेंदों पर 23 रन बनाकर अफगानिस्तान को 24 रन का लक्ष्य दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान टीम ने दूसरी ही गेंद पर मोहम्मद नबी का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज ने मुकाबला तीसरी, चौथी व पांचवीं गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़ दिए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

इससे पहले दूसरे सुपर ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने तीन छक्के लगाकर साउथ अफ्रीका को 23 रन तक पहुंचाया था। पहले सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 17-17 रन बनाए थे, जिसकी आखिरी गेंद पर स्टब्स ने छक्का लगाकर स्कोर बराबर किया था।रहमानुल्लाह गुरबाज ने दूसरे सुपर ओवर में केशव महाराज की बॉल पर लगातार 3 सिक्स लगाए।



### अफगानिस्तान ने जीता हुआ मैच गंवाया

अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 13 रन चाहिए थे। ओवर की पहली ही गेंद कागिसो रबाडा ने नो-बॉल फेंकी, जिस पर कैच भी हुआ, लेकिन बल्लेबाज आउट नहीं हुए और फ्री-हिट मिल गई। इसके बाद वाइड और फिर फ्री-हिट ने साउथ अफ्रीका पर दबाव और बढ़ा दिया। 19.2 बॉल पर नूर अहमद ने सिक्स लगाकर मैच अफगानिस्तान की तरफ झुका दिया। अब 5 गेंदों पर 11 रन चाहिए थे। अगली गेंद डॉट रही, लेकिन 19.4 पर फिर नो-बॉल हो गई, जिस पर नूर ने दो रन ले लिए और अफगानिस्तान जीत के बेहद करीब पहुंच गया।

### मैच का हाल, दोनों टीमों ने 187-187 रन बनाए

इससे पहले दोनों के बीच का मैच टाई हो गया। इसमें दोनों टीमों ने एक समान 187-187 रन बनाए। 188 का टारगेट चेज कर रही अफगानी टीम को जीत के लिए 3 बॉल पर 2 रन की जरूरत थी। लेकिन, आखिरी ओवर की चौथी बॉल पर फजलहक फारूकी रनआउट हो गए। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन (61) और क्विंटन डी कॉक (59) ने अर्धशतक लगाए। डेविड मिलर 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। फजलहक फारूकी को 1 विकेट मिला।

### प्लेइंग-11

**अफगानिस्तान** – रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दारविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नाईब, राशिद खान (कप्तान), फजलहक फारूकी, नूर अहमद और मुजीब उर रहमान।

**साउथ अफ्रीका** – ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, रायन रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, कगिसो रबाडा, केशव महाराज और लुंगी एनगिडी।

# टी-20 वर्ल्ड कप में रोहतक के मयंक का दम

### यूएई टीम की तरफ से खेला, न्यूजीलैंड के खिलाफ 13 गेंदों में बनाए 21 रन



**रोहतक (एजेंसी)।** रोहतक के गांव घिलौड़ के रहने वाले मयंक चौधरी ने टी-20 वर्ल्ड में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में ् श्व टीम की तरफ से खेलते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 13 गेंदों में 21 रनों की छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली। 16वें ओवर में आए मयंक चौधरी ने 2 चौके व एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए। मयंक चौधरी ने टी-20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम का सामना किया। 16वें ओवर में मयंक चौधरी को बैटिंग करने का मौका मिला। मयंक ने अपने स्वभाव के अनुरूप तेज बैटिंग की और 2 चौके व एक छक्के की मदद से स्कोर को 21 रनों तक पहुंचाया। इस दौरान मयंक चौधरी लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर छक्का मारने के चक्कर में मिचेल सेंटनर को कैच थमा बैठे।

**10 साल की उम्र में शुरू किया खेलना** – मयंक चौधरी जब मात्र 10 साल का था तो क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। गवर्नमेंट मॉडल स्कूल से 12वीं की पढ़ाई की और डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से पीजी की डिग्री ली। इसी बीच खेलना जारी रखा और पढ़ाई व खेल के बीच एक सामंजस्य बनाए रखा।

# इंडियन ओपनर अभिषेक शर्मा दो दिन से अस्पताल में भर्ती

### पेट में इन्फेक्शन, नामीबिया के खिलाफ आज खेलना मुश्किल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट के इन्फेक्शन के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। उनका गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ खेलना मुश्किल है। मीडिया सूत्रों ने बुधवार सुबह अपनी रिपोर्ट में बताया कि अभिषेक पिछले दो दिनों से अस्पताल में एडमिट हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने मीडिया को बताया कि अभिषेक को पेट के इन्फेक्शन के कारण दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समस्या की सही जानकारी के लिए कुछ जांच की जा रही हैं। यह अभी साफ नहीं है कि उन्हें आज डिस्चार्ज किया जाएगा या नहीं। फिलहाल, नामीबिया के खिलाफ मैच में उनका खेलना मुश्किल लग रहा है। अभिषेक को पेट की समस्या होने की जानकारी पहले से थी। मुंबई में अमेरिका के खिलाफ मैच के दौरान वह बल्लेबाजी करने आए थे और पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। हालांकि वे फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरे थे, तब भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने पुष्टि की थी कि वे पेट की परेशानी से उबर रहे हैं। डोशेट ने कहा था, उनके पेट में थोड़ी दिक्कत है। हमें उम्मीद है कि वे दो दिन में अगले मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।

**सैमसन और ईशान करेंगे ओपनिंग** – अगर अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं हो पाते हैं तो भारत के पास संजू सैमसन से ओपनिंग कराने का विकल्प है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद संजू को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन ने रिप्लेस कर दिया था। टेन डोशेट ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम अभिषेक की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं। उनकी उपलब्धता के आधार पर टीम संयोजन में कुछ बदलाव हो सकते हैं।संजू सैमसन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में मात्र 46 रन ही बनाए थे।

**बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर फिट** – इस बीच भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि जसप्रीत बुमराह नामीबिया के खिलाफ मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। वह बीमारी के कारण अमेरिका के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। मंगलवार को दिल्ली में टीम के अभ्यास सत्र में उन्होंने पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान लगी साइड स्ट्रेन से उबरकर टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नेट्स में गेंदबाजी की और सत्र के अंत में थ्रोडाउन पर बल्लेबाजी अभ्यास भी किया।

# एमएससीआई इंडेक्स में आदित्य बिड़ला और एलएंडटी फाइनेंस की एंट्री




**मुंबई, एजेंसी।** एमएससीआई ने बुधवार को घोषणा की कि फरवरी 2026 की समीक्षा में आदित्य बिड़ला कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस के शेयरों को एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में शामिल किया गया है। एमएससीआई ने यह भी कहा कि भारतीय रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के शेयरों को इंडेक्स से हटा दिया गया है। इस प्रकार, एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में भारतीय कंपनियों की संख्या 164 से बढ़कर 165 हो जाएगी। एमएससीआई के इस लेटेस्ट अपडेट का असर आज शेयरों पर दिख सकता है। इसके साथ ही, फ्लोट एडजस्टमेंट की वजह से स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों का वेट इंडेक्स में बढ़ जाएगा। फरवरी के पुनर्संतुलन के बाद, एमएससीआई स्टैंडर्ड इंडेक्स में भारत का वेट 14.1 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगा। एमएससीआई ने कहा कि ये समायोजन 27 फरवरी, 2026 के कारोबारी सत्र की समाप्ति के साथ लागू होंगे। ब्रोकरेज फर्म नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के अनुमान के अनुसार, इंडेक्स में शामिल होने के बाद आदित्य बिड़ला कैपिटल में लगभग 257 मिलियन डॉलर और एलएंडटी फाइनेंस में लगभग 238 मिलियन डॉलर का पैसिव इनफ्लो होने का अनुमान है।

# भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, डील को अंतिम रूप देने में जुटा अमेरिका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। फैक्टशीट में लिखा है कि व्यापार समझौता भारत के 140 करोड़ से अधिक लोगों के बाजार को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल देगा। राष्ट्रपति ट्रंप भारत द्वारा रूसी तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए, भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ हटाने पर सहमत हैं और राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर उसे हटा भी दिया है। साथ ही, अमेरिका पारस्परिक टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। फैक्टशीट के मुताबिक, भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों, सूखे अनाज, लाल ज्वार, मेवे, ताजे-प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, शराब, स्पिरिट अन्य उत्पादों सहित अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा। भारत डिजिटल सेवा कर हटाएगा- भारत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करेगा। साथ ही, भारत अपने डिजिटल सेवा करों को हटाएगा।

**बाधाएं हटाने को जारी रखेगा बातचीत:** अमेरिका और भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के संदर्भ की शर्तों में निर्धारित रोडमैप के अनुरूप कई मुद्दों पर बातचीत जारी रखेंगे। इसमें शेष टैरिफ बाधाओं, अतिरिक्त गैर-टैरिफ बाधाओं, व्यापार में तकनीकी बाधाओं, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, अच्छी नियामक प्रथाओं, व्यापार उपचारों, सेवाओं और निवेश, बौद्धिक संपदा, श्रम, पर्यावरण, सरकारी खरीद और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों की व्यापार-विकृत या अनुचित प्रथाओं को संबोधित करना शामिल होगा।

# अमेरिकी एजेंसी ने अडानी समूह से पूछे सवाल, ईरान से रसोई गैस आयात का है मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने मंगलवार को कहा कि एक अमेरिकी एजेंसी ने प्रतिबंधित इकाइयों के साथ लेनदेन की गैर-आपराधिक जांच के तहत ईरान से पेट्रोलियम उत्पादों के कथित आयात को लेकर कंपनी से जानकारी मांगी है।

अडानी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार को बताया कि उसे चार फरवरी को अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) से सूचना का अनुरोध मिला है। यह अनुरोध जून, 2025 में वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के संबंध में हुई स्वैच्छिक चर्चा के बाद आया है। उस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि अडानी से जुड़ी कंपनियों ने अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए शिपिंग मार्गों का उपयोग करके भारत में ईरानी तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का आयात किया था। अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा-कंपनी स्वेच्छा से विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय के साथ सहयोग कर रही है और मांगी गई जानकारी देगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिकी प्राधिकरण से प्राप्त संचार में किसी भी प्रकार के उल्लंघन या गैर-अनुपालन का कोई निष्कर्ष शामिल नहीं है। पिछले साल जून में आई रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमेरिकी अभियोजक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या अडानी समूह की कंपनियों ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के माध्यम से ईरानी एलपीजी का आयात किया था। अडानी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा था कि नीतिगत रूप से अडानी समूह अपने किसी भी बंदरगाह पर ईरान के किसी भी माल का प्रबंधन नहीं करता है।




# 100 साल के लिए ले रही है गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ढ्ढ की रेस में आगे रहने के लिए भारी-भरकम फंड जुटा रही है। इसके लिए कंपनी ने 100 साल की अवधि वाला अनोखा बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है। पिछले 30 साल में ऐसा किसी टेक कंपनी द्वारा नहीं किया गया है। इससे पहले साल 1996 में आईबीएम ने ऐसा किया था। फाइनैंशल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 100 साल वाला बॉण्ड अल्फाबेट द्वारा पाउंड में कर्ज जुटाने की पहली कोशिश का हिस्सा है। इसके साथ ही, कंपनी अमेरिकी डॉलर बॉण्ड के जरिए भी 20 अरब डॉलर जुटा रही है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पहले कंपनी ने 15 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। जब निवेशकों की तरफ से 100 अरब डॉलर से ज्यादा की डिमांड (ऑर्डर) आई, तो कंपनी ने कर्ज की रकम बढ़ा दी। इसके अलावा स्विस फ्रैंक में भी बॉण्ड लाने की तैयारी है। डॉलर वाले बॉण्ड को सात हिस्सों में बांटा गया है। इसमें सबसे लंबी अवधि का बॉण्ड 40 साल का है, जो 2066 में मैच्योर होगा। बाजार में इस कर्ज की बहुत ज्यादा मांग है, खासकर छोटे समय (3 साल) वाले बॉण्ड के लिए निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया। इस सौदे से जुड़े एक बैंकर ने बताया कि अलग-अलग करंसी (जैसे पाउंड, डॉलर, स्विस फ्रैंक) में बॉण्ड जारी करने से अल्फाबेट को दुनिया भर के नए निवेशकों से जुड़ने में मदद मिलती है। आजकल बड़ी टेक कंपनियों की पैसों की जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। अगर वे सिर्फ डॉलर बाजार पर निर्भर रहेंगी, तो मांग और सप्लाई का संतुलन बिगड़ सकता है। साथ ही, पाउंड मार्केट में ब्याज दरें डॉलर के मुकाबले कम हैं, जिससे 100 साल वाला यह बॉण्ड कंपनी के लिए सस्ता और फायदेमंद साबित होगा।

## खाते का गलत इस्तेमाल न करें, भरोसेमंद बैंकिंग व्यवस्था की नींव है केवाईसी

# सुरक्षित बैंकिंग के लिए केवाईसी जरूरी, फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहें: आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स और स्वयं सहायता समूहों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। केवाईसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम विषय पर आयोजित कार्यशाला में लोगों को जागरुक किया गया। लोगों को समझाया गया कि सुरक्षित बैंकिंग के लिए केवाईसी कितना जरूरी है।

आरबीआई द्वारा हर वर्ष जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस बार वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का आयोजन 13 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसमें केवाईसी को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को केवाईसी से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां दी जाएंगी। इसमें बताया जाएगा कि केवाईसी एक जरूरी नियम है, लेकिन इसे पूरा करना आसान है। इसके लिए सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, लोगों को सेंट्रल केवाईसी (सीकेवाईसी) की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिससे केवाईसी प्रक्रिया और आसान हो जाती है।

अभियान के दौरान लोगों को फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहने के लिए भी जागरूक किया जाएगा, क्योंकि इन्हीं के चलते कई बार साइबर ठगी होती है और लोगों को आर्थिक नुकसान भी होता है। कई बार लालच में आकर लोग अपने बैंक खाते का गलत इस्तेमाल करने देते हैं, जिससे उन्हें गंभीर कानूनी और आर्थिक परेशानी हो सकती है। सप्ताह के दौरान आरबीआई, बैंकों और अन्य संस्थाओं के सहयोग से देशभर में जागरूकता कार्यक्रम और संपर्क अभियान चलाए जाएंगे। इन गतिविधियों को पूरे साल जारी रखने की योजना है, जिससे कि लोगों पर इसका स्थायी असर पड़े। आरबीआई की तरफ से कहा गया है कि केवाईसी केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सुरक्षित और भरोसेमंद बैंकिंग व्यवस्था की नींव है। सभी संबंधित संस्थाओं से अपील की गई है कि वह इस संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)